
RNI-MPHIN/2005/14721
Po-Malwa Div/244/2023-25
Desp. 02 December, 2023

अंक – 06 (मासिक) वर्ष – 19 दिसम्बर , 2023 मूल्य 20/-

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स





हाईकोर्ट बार एसोसिएशन
अध्यक्ष बने
## रितेश ईनाणी

## प्रबंधन की युवा सोच
# शैलेष राठी



दीपावली के बाद
स्नेह मिलन की फूलझड़ियाँ

अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन
अयोध्या में बनाऐगा
भव्य माहेश्वरी भवन


राज्य स्थापना दिवस पर पद्मश्री बंशीलाल राठी का हुआ सम्मान

श्री माहेश्वरी मेलापक
वैवाहिक डायरेक्ट्री
श्री माहेश्वरी मेलापक 2023
का प्रकाशन प्रारंभ

Visit us @
srimaheshwaritimes.com

बात
हम सबकी
सुने हर शनिवार

# Contemporary Range of Home Essentials, Crafted by Experts




FANS | LIGHTING
APPLIANCES | SWITCHES

Toll Free : 18001032676 | Email : customercare@rrglobal.com | Website: www.rrglobal.com | Follow us

अपनों के लिए अपनी पत्रिका
श्री माहेश्वरी टाईम्स
RNI-MPHIN/2005/14721

अंक-06 दिसम्बर 2023 वर्ष-19

प्रेरणास्रोत
स्व. श्री बंशीलाल बाहेती
स्व. श्री मदनलाल पलौड़

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
श्रीमती सरिता बाहेती

सम्पादक
पुष्कर बाहेती

संरक्षक
पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)
श्री नेमीचन्द तोषनीवाल (कोलकाता)
श्री जोधराज लड्ढा (कोलकाता)
श्री रामकुमार टावरी (दिल्ली)

अतिथि सम्पादक
सुभाषचन्द्र बाहेती, बिल्सी

परामर्शदाता
दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर
घनश्याम करनानी (कोलकाता)

कला निदेशक
अक्षय आमेरिया

विधि सलाहकार
राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)

सम्पादकीय सलाहकार
बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)
रामगोपाल मूंदड़ा (सूरत)
प्रो. कल्पना गगडानी (मुम्बई)
गोविन्द मालू (इन्दौर)

कार्यालय-
90, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

- श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
- सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

Sri Maheshwari Times
- PNB A/c. No. : 0459002100043471
  IFSC- PUNB0045900
- ICICI A/c. No. : 030005001198
  IFSC- ICIC0000300

Tariff of Membership
Rs. 900/- for Three years
Rs. 3500/- for Life Time (12 Years)




विचार क्रान्ति

# सच्चा धन सद्ज्ञान

महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास के कुल चार पुत्र हैं। चारों चार पुरुषार्थ के प्रतीक हैं। विदुरजी धर्म के, धृतराष्ट्र अर्थ का, पाण्डु काम का और शुकदेवजी मोक्ष के। महाकाव्य में इन चारों की कथा है। शुकदेवजी शेष तीन की तुलना में अल्पायु होकर भी अत्यधिक सम्मानित हुए और वास्तविक मोक्ष पाया। वे जीवनभर बृह्मचारी और धन, परिवार, संसार से परे होकर भी सारे संसार के प्रेरक बने। अपने व्यक्तित्व-कृतित्व से शुकदेवजी ने सिखाया कि व्यक्ति केवल अपने सद्गुणों से ही बड़ा होता है। सद्गुणों से इतर शेष सब व्यर्थ है।

महाभारत के वनपर्व की कथा के अनुसार पिता महर्षि वेदव्यास की आज्ञा पर शुकदेवजी और अधिक ज्ञानार्जन के लिए मिथिलापति राजा जनक के पास पहुँचे। उनके धैर्य की परीक्षा जनक ने अतिशय प्रतीक्षा करा कर ली। उन्हें लुभाने के लिए जनक ने भोगविलास प्रस्तुत किए। किन्तु शुकदेवजी सर्वथा अविचल रहे। सिखाया कि जीवन का असल धन ज्ञान है। यह जिसके पास है वहीं बड़ा है। यह धैर्य धरने और व्यर्थ में आकृष्ट न होने पर ही मिलता है

कथा कहती है कि शुकदेवजी को बालक जान जनक के द्वारपाल ने प्रवेश से रोका। तब शुकदेवजी ने उससे कहा, 'न हायनैर्न पलितैर्न वित्तेन न बन्धुभिः। ऋषयश्चकिरे धर्मे योऽनूचानः स नो महान्।।' अर्थात् अधिक वर्षों की अवस्था होने से, बाल पकने से, धन बढ़ जाने से और अधिक भाई-बन्धु हो जाने से कोई बड़ा नहीं हो सकता। ऋषियों ने ऐसा नियम बनाया है कि ब्राह्मणों (श्रेष्ठजनों) में जो अङ्गों सहित सम्पूर्ण वेदों का स्वाध्याय करने वाला (ज्ञानी) तथा वक्ता (सुपात्रों को ज्ञान देने वाला) है, वहीं बड़ा है।

अक्सर हम धन-संपदा या आयु से बड़े या श्रेष्ठ होने का अनुमान लगाते हैं। मगर सच तो यह है कि 'न तेन स्थिवरो भवति येनास्य पलितं शिरः। बालोऽपि यः प्रजानाति तं देवाः स्थिवरं विदुः।।' अर्थात् अमुक व्यक्ति के सिर के बाल पक गए हैं, इतने ही मात्र से वह बूढ़ा नहीं होता है। वस्तुतः अवस्था में बालक होने पर भी जो ज्ञान में बढ़ा-चढ़ा है, देवगण उसी को वृद्ध मानते हैं।

इसलिए शुकदेवजी कहते हैं, 'न ज्ञायते कायवृद्धया विवृद्धिर्यथाष्ठीला शाल्मलेः सम्प्रवृद्धा। ह्रस्वोऽल्पकायः फलितो विवृद्धया यश्चाफलस्तस्य न वृद्धभावः।।' अर्थात् केवल शरीर बढ़ जाने से किसी की वृद्धि नहीं समझी जाती है। जैसे सेमल के फल की गाँठ बढ़ने पर भी सारहीन होने के कारण वह व्यर्थ ही है। छोटा और पतला वृक्ष भी यदि फलों के भार से लदा है तो उसे ही वृद्ध (बड़ा) जानना चाहिए। जिसमें फल नहीं लगते उस वृक्ष का बढ़ना नहीं के बराबर ही है।

साधो! यही जीवन का सार है। वहीं ज्ञान है जो सद्गुणों की वृद्धि करे। जिसके पास ऐसा सद्ज्ञान है वही बड़ा है। उसे ही श्रेष्ठ और महान समझना चाहिए और ऐसा ज्ञान पाने का प्रयत्न करते रहना चाहिए।

■ डॉ. विवेक चौरसिया



सम्पादकीय

# खुशियों व उल्लास का दौर

गत माह सम्पूर्ण समाज ने पूरे हर्षोल्लास के साथ माता महालक्ष्मी का आराधना पर्व दीपावली मनाया। इस पर्व के बाद भी समाज में उल्लास का दौर थमा नहीं। अपनी परम्परानुसार समाज ने पूरे उत्साह व विभिन्न कार्यक्रमों के साथ-साथ स्नेह मिलन समारोहों का आयोजन कर यह प्रदर्शित कर दिया कि माहश्वेरी समाज कितना संगठित, सुसंस्कृत तथा प्रतिभावान है। वास्तव में समाज की ऐसी परम्पराएें ही समाज को विशिष्ट पहचान तो दिलाती ही हैं, साथ ही नयी पीढ़ी को समाज से जुड़े रहने का एक आदर्श संदेश भी देती हैं।

उल्लास का दौर यहीं थमा नहीं नहीं है। वैवाहिक आयोजनों का भी दौर पूरे उल्लास से प्रारम्भ हो चुका है। सभी से यही अपील है कि उल्लास तो कम न होने दें लेकिन धन का अपव्यय न हो इसका भी अवश्य ही ध्यान रखें। इसके साथ ही वर्ष 2023 को बिदाई और 2024 के स्वागत के लिये विश्व तैयार है। अंग्रेजी नववर्ष का यह आलम ऐसे मौसम में आता है जो खिलने के लिये प्रकृति के उत्सव के रूप में जाने जाते हैं। प्रकृति शीतल चंचल हो उठती है। मन में उल्लास और उत्साह भरता है। भारतीय चिकित्सा विज्ञान ने इस मौसम का बहुत गहराई से अध्ययन किया है। इस मौसम में हरी सब्जियां बहुतायत में उपलब्ध होती है और पेट की जठराग्नि भी खान-पान को पचाने के लिये अनुकूल होती है। इसलिए इस मौसम में हम कुछ भी खाएं आसानी से पच जाता है। चाहे शादी ब्याह का गरिष्ठ भोजन हो। भारतीय पाक कला ने इस मौसम में ऐसे ही पकवानों का अनुमोदन किया जो न केवल हमें शारीरिक तंदुरुस्ती देते हैं अपितु मौसम के अनुकूल भी हैं। प्रकृति के उल्लास के साथ हम भी नववर्ष की खुशी मनाएं सभी को अग्रिम शुभकामनाएं।

वर्तमान दौर में समाज की उच्च शिक्षित युवा पीढ़ी तेजी से स्व व्यवसाय के बजाए नौकरी की ओर भाग रही है। ऐसे में प्रेरणा के लिए श्री माहेश्वरी टाईम्स द्वारा एक नया स्तम्भ ''युवा उद्यमी'' प्रारम्भ किया गया है। इस स्तम्भ में ऐसे युवा उद्यमियों के कृतित्व का प्रकाशन किया जाता है, जो युवा वर्ग के लिये प्रेरणा स्त्रोत बन सकें। इस श्रृंखला में इस बार आणंद निवासी युवा उद्यमी शैलेष राठी के व्यक्तित्व का प्रकाशन किया जा रहा है, जिन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की उपाधि प्राप्त करने के बाद भी अपने पैतृक व्यवसाय-उद्यम को ही शिखर की ऊँचाई देने का संकल्प लिया और यह करके भी दिखा दिया।

समाज के प्रति दायित्व निर्वहन की अपनी परम्परा में श्री माहेश्वरी टाईम्स प्रतिवर्ष समाज की विशिष्ट विभूतियों को विशिष्ट सम्मान ''माहेश्वरी ऑफ द ईयर'' अवार्ड से सम्मानित करती आयी है। विगत 19 वर्षों में इस विशिष्ट सम्मान से समाज की कई विभूतियाँ अलंकृत हो चुकी है। पुनः वर्ष 2023 के इस अवार्ड के लिये विभूतियों के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। इसके लिये ऐसे समाजजनों की प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जा रही हैं, जो किसी भी क्षेत्र में अपना विशिष्ट योगदान दे रही हैं। प्राप्त प्रविष्टियों में से अंतिम चयन प्रबुद्ध पाठकों के मतानुसार चयन समिति द्वारा निष्पक्ष रूप से किया जाऐगा। इसके अंतर्गत विशेषांक के रूप में इस अवार्ड से सम्मानित होने वाली विभूतियों के कृतित्व पर आधारित प्रेरक आलेख का प्रकाशन भी किया जाऐगा।

यह अंक निश्चित तौर से आपकी भावनाओं और अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरे इसके लिये सभी स्थायी स्तंभों के साथ अन्य वैचारिक, मर्मस्पर्शी और रौचक सामग्री जुटाने का हमने प्रयास किया है। इसमें हम कितने सफल हुए यह तो आपकी प्रतिक्रियाएं ही हमें बता सकती हैं। हमें अपने विचारों से अवगत कराना न भूलें। समाज को लेकर आपके मन में भी यदि कोई बात है तो हमें अवश्य बताएं, उसे देश-विदेश में फैले, समाजजनों के बीच हम पहुंचाएंगे।

जय महेश!



**पुष्कर बाहेती**

सम्पादक

# अतिथि सम्पादकीय

समर्पित समाजसेवी के रूप में पहचान रखने वाले व प.उ. प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रदेश मंत्री के रूप में वर्तमान में भी अपनी सेवा दे रहे बिल्सी (बदायूं) निवासी सुभाष बाहेती का जन्म 15 जुलाई 1953 को स्व. श्री चिरंजीवलाल बाहेती व स्व. श्रीमती श्यामादेवी बाहेती के यहाँ हुआ थाा। स्नातक (विज्ञान) तक शिक्षा प्राप्त कर श्री बाहेती स्व व्यवसाय से सम्बद्ध हो गये। वर्तमान में आप हिन्द वेयर सेनेट्री डीलर, सबमर्सिबल तथा हार्डवेयर आदि के व्यवसाय से सम्बद्ध हैं। युवावस्था से ही अपनी व्यावसायिक व्यस्तता के बावजूद आप समाजसेवा से सम्बद्ध हो गये तथा नगर व तहसील स्तर पर संगठन स्थापना में अहम भूमिका निभाई। वर्ष 1982 में युवा माहेश्वरी प्रगति मंडल की स्थापना करवाई। जिसके आप संस्थापक अध्यक्ष रहे। प.उ. प्रदेश माहेश्वरी सभा में 1993 से 2000 तक कोषाध्यक्ष तथा वर्ष 2006-08, 2019-23 तक प्रदेश मंत्री रहे एवं वर्तमान में भी इसी पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सन् 1986 में उत्तरांचल युवा कार्यक्रम, वर्ष 1991 में सहसवान तथा 1996 व 2006 में अ.भा. माहेश्वरी युवक-युवती परिचय सम्मेलन में संयोजन की भूमिका निभाई। अ.भा. माहेश्वरी महासभा के विभिन्न सत्रों में कार्यकारी मंडल सदस्य रहे तथा वर्तमान में भी इस पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। श्री राम लीला कमेटी बिल्सी के 23 वर्ष तक कोषाध्यक्ष तथा मानवाधिकार संरक्षण आयोग के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ में 10 वर्ष मंत्री पद का दायित्व संभाला। वर्तमान में श्री माहेश्वरी भवन बिल्सी अध्यक्ष, श्री बांकेबिहारी मंदिर बिल्सी प्रबंधक तथा श्री माहेश्वरी सेवा सदन सदस्य की जिम्मेदारी भी सम्भाल रहे हैं। धर्मपत्नी उषा, पुत्र पंकज व नीरज सहित पुत्रवधू, पौत्र, प्रपौत्र आदि से भरा पूरा आपका पूरा परिवार भी समाजसेवी गतिविधियों में हमेशा आपके पद चिन्हों का अनुसरण करता है।



# संगठनों की महत्ता वृद्धि पर हो चिंतन

समस्त स्वजनों को नववर्ष 2024 की अग्रिम बधाई! साथ ही नववर्ष सभी के जीवन के लिये मंगलमय हो यही भगवान महेश से कामना करते हैं। यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि समाज के विभिन्न स्थानीय संगठनों द्वारा दीपावली महापर्व के पश्चात सामूहिक रूप से दीपावली स्नेह मिलन समारोहों का आयोजन किया गया। निश्चय ही ऐसे आयोजन समाज में संगठनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं।

इन छोटे-छोटे प्रयासों के बावजूद वर्तमान दौर में समाज संगठनों के प्रति न सिर्फ युवा वर्ग बल्कि आम समाजजनों का रुझान भी कम हुआ है। आमतौर पर संगठनों की गतिविधियों को लेकर आमजन में अब कोई वैसी जागरूकता नहीं रही जो पहले हुआ करती थी। ऐसे समाजजनों ने कुछ संगठनों को एक वर्ग या गुट विशेष के संगठन मानकर दूरी बनाना प्रारम्भ कर दी है। यह स्थिति किसी भी संगठन के लिये खतरे की घंटी ही होती है। माहेश्वरी समाज संगठन सिर्फ समाज ही नहीं बल्कि देश भर में अपनी विशिष्ट कार्यशैली व संगठनात्मक क्षमता के लिये वर्षों से जाना जाता है। हमारे संगठन ने तो आजादी के महायज्ञ में भी अपनी आहुति दी है। ऐसे में माहेश्वरी संगठनों में विश्वास की ऐसी गिरावट कहीं न कहीं संगठनों की गिरती साख की परिचायक है। ऐसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर विशद चिंतन अनिवार्य हो गया है।

सबसे पहले देखें तो समाज संगठन का अर्थ ही है, हर समाजजन का संगठन। लेकिन ऐसे में यदि यह स्थिति निर्मित हो रही है तो कहीं न कहीं यह प्रश्न अवश्य उत्पन्न होना चाहिये कि क्या हमारे संगठन अभी भी हर समाजजन के संगठन रहे हैं? कहीं गुटबाजी ने इन्हें एक गुट विशेष तक सीमित तो नहीं कर दिया है? आखिर आम समाजजन के दूर होने के कारणों पर निष्पक्ष व सजगता से चिंतन तो करना होगा। अन्यथा बहुत देर हो जाऐगी। हमारे संगठनों की जो आज साख है, वह 100 वर्षों के योगदानों का प्रतिफल है और यदि यह प्रभावित हो रही है, तो यह स्थिति समाज के लिये अत्यंत कष्टप्रद व चिंतनीय तो होनी ही चाहिये। इसमें भी इस मुद्दे पर सबसे अधिक आत्मचिंतन की आवश्यकता समाज के संगठनों के पदाधिकारियों की है। कोई भी सामाजिक संगठन इन स्थितियों की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते।

दूसरा कारण संगठन की उपयोगिता को लेकर भी हो सकता है। युवा वर्ग को जोड़े रखने के लिये उनके अनुकूल कार्यक्रमों का आयोजन अपरिहार्य हो गया है। वर्तमान दौर में विभिन्न बिजनेस मीट आदि का आयोजन तो देखा गया है लेकिन अभी भी आम युवा की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यक्रमों की कमी अवश्य ही दिखाई देती है। उनके विकास पर भी समाज को केन्द्रित होना होगा तभी सम्पूर्ण युवा वर्ग समाज से जुड़ रह पाऐगा अन्यथा संगठन की पहुँच सिर्फ समृद्ध युवा वर्ग तक ही होकर रह जाऐगी। इसी तरह समाज संगठनों द्वारा तैयार योजनाओं का भी इस तरह सरलीकरण आवश्यक है, जिससे उन्हें इनका लाभ लेने में किसी का ऐहसानमंद न होना पड़े। इसके लिये मध्यस्त विहीन व्यवस्था की आवश्यकता है।

याद रखें समाज संगठन हमारा गौरव ही नहीं हमारी पहचान हैं। यदि इनकी साख गिरती है तो हमारी स्वयं की ही साख गिर रही है। अतः सभी को मिलकर इस विषय पर गहन चिंतन कर समाधान खोजने (या निकालने) की अति आवश्यक है।

**सुभाषचन्द्र बाहेती, बिल्सी**
अतिथि सम्पादक



टीम SMT

# श्री सुजासन माता

## श्री सुजासन माता झंवर ( खड ) व गायल खाँप की कुलदेवी हैं।

श्री सुजासन माता का मंदिर जोधपुर के पास है। यह मंदिर पुराना था, जिसका समाज के लोगों ने जीर्णोद्धार किया है। खड झंवर की कुलमाता श्री सुजासन माता का मंदिर कहाँ है, उसका पता लगाने की काफी कोशिश जलगाँव के स्व. शंकरलाल झंवर ने सन् 1971 में पूरे राजस्थान में घुमकर एवं जागाओं से संपर्क कर की। किन्तु कहीं पर भी खड झंवर की कुलमाता श्री सुजासन माता का मंदिर नहीं मिला। केवल इतनी जानकारी मिली कि, खड झंवर की उत्पत्ति परबतसर जि. नागौर से हुई है। इसके बाद स्व. श्री झंवर ने परबतसर में माताजी का मंदिर बनाने का निश्चय किया तथा परबतसर के ही स्व. श्री फूलचंद झंवर से संपर्क कर वहाँ के तालाब के पास 1973 में मंदिर बनाया। जयपुर से मूर्ति बनवाकर 1973 के नवरात्रि पर्व में प्राणप्रतिष्ठा की। जागाओ से खड झंवर भाइयों के पते प्राप्त कर उन्हें निमंत्रण भेजा गया। देश के कलकत्ता, सीहोर, पिपरिया, भीलवाड़ा, कुचामन, जलगाँव, विजयनगर, मालेगाँव व संगमनेर, इंदौर इत्यादि कई जगह से लगभग 1000 भाइयों ने प्राणप्रतिष्ठा में भाग लिया। मंदिर में रोज की पूजा अर्चना, वहीं के श्री रामस्वरूप पोरख करते हैं। पहले उनके पिताजी ध्यान देते थे। मंदिर बने लगभग 35 साल हो गये हैं। अब इसे रिपेअर करना आवश्यक हो गया है। साथ ही मंदिर के सामने भजन-कीर्तन के लिये हॉल बनाना भी जरूरी है। इसके लिये लगभग 3 से 4 लाख रुपये खर्च की आवश्यकता हो सकती है। इसकी सारी जिम्मेदारी झंवर मंदिर विकास समिति वहन कर रही है।

With Best Compliments From

# Your Preferred Packaging Solution Provider



A wide range of

**Corrugated Cartons**

**&**

**Die punching items**

For all of your needs



## Sanx Corropackaging Private Limited

Address : 14-6-407/a, First floor, Begum Bazar,
Hyderabad, Telangana, Bharat - 500012
Contact : 9666675008, 9666674008
Email : sales@sanxcorropackaging.com

**With Best compliments from Vijayshri Agro Chemicals Private Limited, Hyderabad**

# दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



## राजकुमार काल्या

### राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

### अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा

**अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन**

| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामंत्री | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष | राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री |
|---|---|---|---|---|
| (त्रयोदश सत्र) | (द्वादश सत्र) | (एकादश सत्र) | (दशम सत्र) | (नवम सत्र) |

संस्थापक ट्रस्टी – श्री बसन्तीलाल मनोरमादेवी काल्या
अ.भा. माहेश्वरी युवा फाउंडेशन
संस्थापक ट्रस्टी – शोर्य भवन जनोपयोगी सेवा केन्द्र, अयोध्या
संस्थापक ट्रस्टी – अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट
संस्थापक ट्रस्टी – श्री नाकोडा पार्श्वनाथ भैरव मन्दिर ट्रस्ट
संरक्षक ट्रस्टी – एबीएमएम माहेश्वरी रिलीफ फाउंडेशन
प्रबंधकारिणी सदस्य – श्री अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन

ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, कोटा
ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, मुम्बई
ट्रस्टी – बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केन्द्र
ट्रस्टी – श्री बांगड माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी
ट्रस्टी – श्री प्राज्ञ कुंदन वल्लभ हॉस्पिटल
ट्रस्टी – श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट
ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट, दिल्ली

**Realistic**

*Life Time Satisfaction*

• Explosives • Real Estate • Mining • Finance • Agro Farming • Media • Water Park

Station Road, Gulabpura –311021, Distt. Bhilwara (Raj.) Ph. No. +91 1483 224203/04, rajkumarkalya@yahoo.com
Bhilwara office: 3, Heera-Panna Market, Pur Road, Bhilwara. 311001 (Raj.) Ph. No. 246004



**लक्ष्मी पुत्रों के समाज में माता श्री महालक्ष्मी की आराधना का पर्व दीपावली पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इसके पश्चात् देश के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह के आयोजन का दौर प्रारम्भ हुआ। इस आयोजन में विभिन्न खेल, सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रमों ने चार चांद लगा दिये। इसके साथ ही अन्नकूट उत्सवों का भी आयोजन हुआ।**

# दीपावली के पश्चात स्नेह मिलन की मिठास



**जयपुर।** परवाल परिवार द्वारा क्वीन्स रोड स्थित कान्हा रेस्टोरेंट के हॉल में 14 नवम्बर को दीपावली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परवाल परिवार के वरिष्ठ सदस्य राधेश्याम परवाल के अनुसार इस अवसर पर परवाल परिवार की बहुओं द्वारा हाऊजी एवं अन्य विभिन्न मनोरंजक के कार्यक्रम आयोजित किये गए। विभिन्न परिवारों की 4 पीढ़ियों के करीब 60 सदस्यों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम का आनन्द लिया। कार्यक्रम के बाद सहभोज का आयोजन भी रखा गया। इस अवसर पर नेहा एवं पुत्री आश्वी परवाल को गत दिनों विद्यालय के कार्यक्रम में कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति हेतु शंकुतला देवी राधेश्याम परवाल फाउण्डेशन की ओर से सम्मानित किया भी गया। उक्त जानकारी उमा परवाल (मंत्री) ने दी।



**फरीदाबाद।** स्थानीय माहेश्वरी मण्डल द्वारा दीपोत्सव के पावन अवसर पर गत 13 नवम्बर को माहेश्वरी सेवा सदन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीपोत्सव, लक्की ड्रॉ, तंबोला खेल के साथ रात्रि सहभोज रखा गया। भवन के प्रांगण में उपस्थित समाजजनों द्वारा 101 दीपों को जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। माहेश्वरी मण्डल अध्यक्ष रामकुमार राठी, सचिव महेश गट्टानी, महासभा कार्यसमिति सदस्य कमल नयन मालू मार्गदर्शक सुशील नेवर ने उपस्थित सदस्यों को शुभकामनायें दीं। लक्की ड्रॉ एवं तंबोला गैम का संचालन विनोद बिन्नानी व दुर्गाप्रसाद मूंधड़ा कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव महेश गट्टानी ने किया।




**जयपुर।** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव भक्ति संध्या के साथ 18 नवम्बर को माहेश्वरी विद्यालय, तिलक नगर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री गिरिराज पर्वत की झांकी एवं श्रीराम दरबार की सजीव व गौऊ पूजन की झांकी के साथ अतिमनमोहक फूल बंगले एवं छप्पन भोग की भव्य झांकी सजायी गयी व सायंकाल 6.00 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष केदार मल भाला एवं पदाधिकारियों ने समारोह की मुख्य अतिथि रामसहाय मांधना, विशिष्ट अतिथि विवेक लड्ढा, स्वागताध्यक्ष अश्वनी हुरकट तथा विशेष अतिथि रामस्वरूप जाजू (समाज संरक्षक) का स्वागत किया। समाज महामंत्री मनोज मूंदड़ा ने श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की गतिविधियों की जानकारी दी। अन्नकूट संयोजक राजकुमार झंवर, अन्नकूट कोषाध्यक्ष महेश (मनीष) बाहेती एवं शेयर होल्डर संयोजक राजरतन पटवारी का विशेष सहयोग रहा।

**राजसमंद।** माहेश्वरी समाज के श्री महेश प्रगति संस्थान का दीपावली स्नेह मिलन समारोह महेश नगर मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। लक्ष्मीलाल ईनाणी ने बताया कि महिला संगठन द्वारा रंगोली सज्जा व दीपदान कर भगवान के समक्ष महा आरती की गई। तत्पश्चात स्नेह भोज का आयोजन हुआ। इस समारोह में जिलाध्यक्ष विष्णु गोपाल सोमानी, जिला सचिव खूबचंद झंवर, सत्य प्रकाश काबरा, जिला महिला अध्यक्ष प्रेम लता चेचाणी, सचिव चंदा देवपुरा, गीता काबरा, सुशीला असावा, राम गोपाल, सोमानी उपाध्यक्ष तारा ईनाणी, कोषाध्यक्ष मंजु जैथलिया, सचिव मिनाक्षी, यामिनी राठी सहित कई समाज जन मौजूद थे।



**इंदौर।** गत 18 नवंबर को माहेश्वरी समाज संयोगितागंज का 51वाँ "दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव" माहेश्वरी भवन संयोगितागंज पर मनाया गया। इसमें लगभग ढाई हजार समाज बंधुओ ने भाग लिया एवं भव्य स्वरूप मे आरती दर्शन एवं गोवर्धन पर्वत की भव्य झांकी बनाई गई। अन्नकूट प्रारंभ होने के पूर्व इंदौर जिला माहेश्वरी समाज के मंत्री मुकेश असावा एवं संयुक्त मंत्री केदार हेड़ा ने आरती के पश्चात सभी को झूठा न छोड़ने की शपथ दिलाई। इस कारण मिलन समारोह में 2500 सदस्यों के भोजन में मात्र 1 किलो जूठन के रूप में इकट्ठा हुआ। प्रचारमंत्री संजय बाहेती ने बताया कि समाज अध्यक्ष गोपाल लाहोटी एवं समाज के वरिष्ठ रामेश्वरलाल असावा व नंदलाल बाहेती ने भगवान का पूजन किया। कार्यक्रम संयोजक गगन झंवर, प्रवीण लद्ड़, शिवरतन बल्दवा, अंकित बल्दवा, पिंकी कल्याणी, मोना काकाणी आदि ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया। अखिल भारतीय महिला मण्डल की पूर्व अध्यक्ष गीता मूंदडा माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के अध्यक्ष श्रीरामस्वरूप धूत सहित जिले के पदाधिकारी, सभी क्षेत्रों के अध्यक्ष/मंत्री व शहर के वरिष्ठ समाजबन्धु आदि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

With Best Compliments From

NSK

Rajesh Soni
Director

SONI INTERNATIONAL

AUTHORISED INDENTING AGENTS & DISTRIBUTORS IN INDIA

G-3, VARALAXMI MARKET, 62, M.G. ROAD, SECUNDERABAD - 500 003. (T.S.)
91-40-4222 2088
Info@soni-international.com
98490 51176
www.soninsk.com

100th



**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता माहेश्वरी सभा, दक्षिण कोलकाता माहेश्वरी महिला संगठन व दक्षिण कोलकाता युवा माहेश्वरी संगठन के संयुक्त तत्वावधान से दीपावली प्रीति सम्मेलन गत 18 नवंबर को इस्कॉन हाउस में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उद्योगपति और समाज सेवी रमेश माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी श्रीकुमार बांगड़ थे। अन्य अतिथियों में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्वांचल उपाध्यक्ष कैलाश काबरा, प्रदेश मंत्री सम्पत मांधना, निवर्तमान मंत्री नन्दकुमार लढा, महिला संगठन की अध्यक्षा मंजू पेरीवाल आदि की उपस्थिति थी। युवा सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन किशन गोपाल मांधना और अनिता तोषनीवाल ने किया। राजेश नागोरी, मुरली मनोहर मांधना, अरुण गग्गड़, राम किशोर मांधना, देवेश नागोरी, सुरेंद्र खेमानी, दीनदयाल जाजू, किशन गोपाल राठी आदि सभा, महिला और युवा संगठन के कार्यकर्ताओं व सदस्यों का सहयोग रहा।



**भीलवाड़ा।** श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा द्वारा आर.के. कॉलोनी स्थित बालाजी वाटिका में पदाधिकारियों व कार्यसमिति सदस्यों का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। नगर सभा मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि समारोह में महासभा, प्रादेशिक सभा, जिला सभा, नगर सभा, क्षेत्रिय सभाओं, रामेश्वरम भवन समिति एवं समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उत्साह व उमंग के साथ सम्मिलित हुए। इस दौरान उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने आने वाले विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। नगर सभा मंत्री संजय जागेटिया ने बताया कि महासभा की महत्वाकांक्षी योजना सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक सर्वेक्षण के अन्तर्गत जिन परिवारों की अब तक आईडी जनरेट नहीं हुई है उन परिवारों की 31 दिसंबर से पहले पहले महासभा में आईडी जनरेट करवाने पर विचार किया गया। प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चंद्र कोठारी, जिला मंत्री रमेश राठी, प्रदेश संगठन मंत्री ओम गटयाणी, जिला उपाध्यक्ष रामकिशन सोनी, जिला संगठन मंत्री महेन्द्र काकाणी, नगर सभा के संरक्षक केदारमल जागेटिया, अध्यक्ष केदार गगरानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल राठी, उपाध्यक्ष दिनेश पेडीवाल, महावीर समदानी, प्रहलाद नुवाल, कोषाध्यक्ष गोपाल नराणीवाल, संगठन मंत्री प्रमोद कुमार डाड सहित कई प्रदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर महासभा के पूर्व महामंत्री कस्तुरचंद बाहेती एवं भीलवाड़ा जिला सभा के अध्यक्ष अशोक बाहेती के पिता स्व. श्री रतनलाल बाहेती को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



▶▶| **बड़ावदा।** माहेश्वरी धर्मशाला बड़ावदा स्थित श्री राम जानकी मंदिर पर मूंदडा परिवार द्वारा पंचम अन्नकूट महोत्स्व का आयोजन किया गया। प्रभु राम जानकी का मनमोहक श्रृंगार किया गया। प्रातः 11:15 बजे महाआरती हुई। बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। मदनलाल मूंदडा, गोपाल मुंदडा, राजेंद्र मुंदडा दिनेश मूंदडा, संजय मूंदडा, सुनील मूंदडा, रोहित माहेश्वरी, सरस बजाज सहित माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ जन व युवा साथियो ने व्यवस्था संभाली।



▶▶| **नागपुर।** माहेश्वरी संगठन महल मध्य नागपुर व ज्योति महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में दिवाली मिलन व अन्नकूट महोत्सव का आयोजन स्थानीय डी डी नगर विद्यालय प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि राकेश भैया व सत्कार मूर्ति के रूप में प्रभा भैया उपस्थित रहे। कार्याध्यक्ष मधुसूदन बिंझानी, अध्यक्ष विजय कुमार लड्ढा व अर्चना बिंझानी ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया। सचिव स्वाति सावल ने नवज्योति युवती मंच से उपस्थितजनों को परिचित कराया। अन्नकूट उत्सव के लिए ग्वाल बाल, गोपियों संग भगवान बालकृष्ण की मनोरम झांकी कीर्ति भैया, सोनल लोया, पूजा गोयदानी, तारा काबरा व गायत्री पनपलिया द्वारा सजाई गई। आभार प्रदर्शन सचिव ओम भैय्या ने किया। मंच संचालन कल्पना मोहता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

"बिता हुआ कल जीवन को समझने का एक अच्छा मौका है.... और आने वाला कल जीवन को जीने का एक दूसरा मौका है.."



▶▶| **रतनगढ़।** माहेश्वरी महिला मंडल ने जिला संयुक्त मंत्री सरिता चांडक के घर पर दीपावली स्नेह मिलन समारोह सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन कीर्तन कर मनाया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष चन्दा सोनी, तहसील कोषाध्यक्ष सुनीता झंवर, सीता देवी तापड़िया, कमला देवी चांडक, मंजू पेड़ीवाल व अन्य महिलाएं उपस्थित थी।



▶▶| **इंदौर।** श्री माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र द्वारा दीपावली मिलन एवं अन्नूकूट महोत्सव का आयोजन गत 13 नवम्बर को ला ओमनी गार्डन में किया गया। संस्था के मंत्री राकेश लखोटिया ने बताया कि कोई भी मंचीय कार्यक्रम नही रखा गया। आरती पश्चात तुरंत भोजन प्रसादी शुरु कर दी गयी और लगभग 1000 से ज्यादा समाजबंधु मिलन समोराह में शामिल हुए। संस्था अध्यक्ष संजय मानधन्या ने बताया कि संयोजक टोनी ईनाणी और विवेक दम्माणी थे। मनोहर झांकी के यजमान सत्यनारायण आनंद मूंधड़ा एवं आरती यजमान रामेश्वरलाल राजीव बिन्नानी और महावीरप्रसाद जयप्रकाश बाहेती परिवार थे।



▶▶| **चंद्रपुर।** गत 19 नवंबर को माहेश्वरी सेवा समिति, माहेश्वरी युवक मंडल एवं माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा महेश भवन, तुकुम, में वार्षिक दीपावली स्नेह मिलन 'कार्निवल' का आयोजन विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष दामोदर सारडा के नेतृत्व में किया गया। इसमें कक्षा 10 वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों और विशेष उपलब्धि प्राप्त हुए समाजजनों का पुरस्कार प्रदान कर सत्कार किया गया। साथ ही जिन विवाहित जोड़ियों को पुत्र अथवा कन्या रत्न का जन्म हुआ है, उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। माहेश्वरी युवक मंडल के अध्यक्ष शक्ति धूत ने संबोधित किया। माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष इंदु जाजू, सचिव अलका चांडक ने सहयोग किया।


दिल्ली प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन
द्वारा दीपावली की हार्दिक शुभकामना
श्यामा भांगडिया
अध्यक्ष
लक्ष्मी बाहेती
सचिव
सुनीता मूंधड़ा
कोषाध्यक्ष
सुनीता झंवर
संगठन मंत्री
किरण लड्ढा
रा० कोषाध्यक्ष
प्रदेश संरक्षक
मंजू मानधना
रा० उपाध्यक्ष
प्रदेश संरक्षक
शर्मिला राठी
रा० समिति प्रभारी
प्रदेश संरक्षक
वीणा काबरा
रा० कार्यसमिति
आशा रांदर
वि०आ०रा०
कार्यसमिति
उषा मोहंता
रा० प्रकल्प
संयोजिका
डॉ० उर्वशी साबू
रा०समिति
सहप्रभारी
राजश्री मोहता
रा० समिति
सहप्रभारी
प्रभा जाजु
रा० समिति
सह प्रभारी
नीता महेश्वरी
परामर्श मंडल
सरोज दरगड
परामर्श मंडल
आशा जेठलिया
परामर्श मंडल
उमा सोनी
परामर्श मंडल
बबीता समदानी
परामर्श मंडल
उमा झंवर
परामर्श मंडल
प्रतिभा जाजु
परामर्श मंडल
विनीता बिहानी
संस्थापक अध्यक्ष
सरिता सोनी
प्रचार प्रसार मंत्री
इंदु लड्ढा
प्रकल्प प्रमुख
पंकज लोहिया
सांस्कृतिक मंत्री
वंदना समदानी
उपाध्यक्ष
अंजू सोमानी
उपाध्यक्ष
रेनू लड्ढा
उपाध्यक्ष
संगीता चांडक
उपाध्यक्ष
सरोज दमानी
सह सचिव
सुनीता झंवर
सह सचिव
ममता सारड़ा
सह सचिव
रीटा सोनी
सह सचिव
मालिनी काबरा
ट्रस्ट प्रतिनिधि
राधा चांडक
वि० आ० सदस्य

# साँची में होगा महिला संगठन की राष्ट्रीय बैठक का आयोजन

## आगामी 19-21 दिसम्बर तक होगा आयोजन-राष्ट्र स्तरीय प्रतिभाओं का होगा सम्मान




**इंदौर।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ के नेतृत्व में त्रयोदश सत्र की द्वितीय कार्य समिति व प्रथम कार्यकारी मंडल की बैठक ''कौशलेंद्र 2023'' आगामी 19, 20, 21 दिसंबर को मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी सांची में दि यूटोपिया रिसोर्ट में आयोजित होगी। यह कार्यक्रम पूर्वी मध्य प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन के आयोजकत्व व आतिथ्य में होगा।

समारोह का उद्‌घाटन समाज विभूति विपिन माहेश्वरी (D. G. P. मध्य प्रदेश स्पेशल क्राइम ब्रांच) करेंगे। मुख्य अतिथि महासभा के सभापति संदीप काबरा विशिष्ट अतिथि महामंत्री अजय काबरा, महिला संगठन की महामंत्री ज्योति राठी, प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी राजेश जावंदिया एवं अन्य प्रदेश तथा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में निवृतमान राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष किरण लड्ढा, संगठन मंत्री ममता मोदानी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय युवा संगठन के अध्यक्ष शरद सोनी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में रमेश परतानी द्वारा ''creating a genius Maheshwari gen next'' विषय पर महत्वपूर्ण उद्बोधन दिया जाऐगा। नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत समाज की चार प्रसिद्ध युवा एवं प्रतिभावान सदस्याओं को शक्ति वंदनम् सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### कार्यक्रम में होगा यह खास




महिलाओं को स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से प्रदेश की उद्यमी महिलाओं द्वारा बृहद प्रादेशिक मेले 'कौशल आवरण' आयोजन होगा। इसमें माहेश्वरी एवं चंदेरी साड़ियों के अतिरिक्त भोपाल एवं मध्य प्रदेश की बहुमूल्य हस्त शिल्प वस्तुओं को खरीदने का सुअवसर प्राप्त होगा। संचारसिद्धा समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित होगा, ''लक्ष्मण रेखा'' जिसमें साइबर क्राइम से सतर्कता हेतु नाटकों का मंचन कर सभी को जागरूक करने का प्रयास होगा, जो सुरक्षा की दृष्टि से आज की टेक्नोलॉजी युग की महती आवश्यकता है। हिंदी साहित्य को बढ़ावा देने हेतु ज्ञानसिद्धा समिति द्वारा काव्य कौशल के माध्यम से आंचलिक प्रतियोगिता के रूप में कविताओं की अनूठी अंताक्षरी का का ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित होगा। विभिन्न सामाजिक ज्वलंत समस्याओं पर रघुकुल रीत सिद्धा समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित होगा ''रामसेतु'', जिसमें महिलाओं द्वारा अनेक विषयों पर चर्चा परिचर्चा के माध्यम से चिंतन-मनन होगा। वैवाहिक जीवन पर आधारित प्रमुख समस्याओं को लेकर गठबंधन समिति द्वारा कार्यक्रम ''कौशल परिणय वर्धनम'' भी आयोजित होगा। आवास व्यवस्था दो रिसोर्ट दि यूटोपिया और मगधम ग्रैंड में होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम व सांची भ्रमण विशेष आकर्षण रहेगा। विवाह बायोडाटा आदान-प्रदान करने हेतु स्टॉल लगाया जाएगा तथा तकनीकी जानकारी के साथ समस्याओं के समाधान के सहायता केंद्र ''ATM info Desk'' की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम अध्यक्ष मंजू बांगड़, स्वागताध्यक्ष अनिता जावंदिया, स्वागत मंत्री प्राची मूंदड़ा, प्रदेश प्रतिनिधि शोभा लाहोटी, प्रदेश अध्यक्ष रंजना बाहेती, प्रदेश मंत्री राजश्री राठी सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का इस में सक्रिय सहयोग रहेगा।

# युवा संगठन ने किया इन्नोवेट का आयोजन



**भोपाल।** म.प्र. पूर्व क्षेत्रीय प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के अंतर्गत, जिला माहेश्वरी युवा संगठन ने ABMM INNOVATE का आयोजन स्पीकर हितेश पोरवाल (मुंबई) द्वारा गत 03 नवम्बर को माहेश्वरी युवा संगठन (मध्यांचल, पूर्वांचल, दक्षिणांचल) के आतिथ्य में हुआ। इस कार्यक्रम में म.प्र. पूर्व क्षेत्रीय प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष उदित जावंधिया, प्रदेश सचिव डॉ. सुषेन माहेश्वरी, भोपाल जिला माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष प्रियंक धीरन, सचिव स्वप्निल माहेश्वरी, कार्यक्रम संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत काबरा, निवर्तमान प्रदेश सचिव गौरव सोडानी आदि उपस्थित थे। भोपाल जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष गिरधर राठी, अ. भा. माहेश्वरी महासभा के कार्यसमिति सदस्य वैद्यराज रमेश कुमार माहेश्वरी, प्रदेश संगठन मंत्री सुनील मानधन्या, राष्ट्रीय कार्यकारी मंडल सदस्य लक्ष्मेंद्र माहेश्वरी एवं नितेश राठी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# बिन्नानी को साहित्य सम्मान



**बिकानेर।** संस्था भारतीय परम्परा मुम्बई द्वारा साहित्यकार गोवर्धन दास बिन्नाणी 'राजा बाबू' को उनकी सेवाओं के लिये साहित्य सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

'दया और प्रेम' भरे शब्द छोटे हो सकते हैं.. लेकिन वास्तव में उनकी गूँज की कोई सीमा नही है...!

# बुलडाणा अर्बन

को-ऑप. क्रेडिट सोसायटी लि. बुलडाणा

मल्टीस्टेट रजि. नं. 267
☎:(07262) 242705, 243705

कार्यक्षेत्र : महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, गुजराथ, अंदमान निकोबार, गोवा, आंध्रप्रदेश



※ संस्था की आर्थिक स्थिती ※

| | |
|---|---|
| कुल जमा राशी | 11716 करोड |
| कुल ऋण | 8579 करोड |
| कुल गोदाम | 405 |
| कुल शाखा | 476 |
| गोल्ड लोन | 2948 करोड |
| कुल सदस्य | 13,60,000 |

मुख्यकार्यालय :: सहकार सेतू, हुतात्मा गोरे पथ , बुलडाणा - ४४३ ००१ (महाराष्ट्र)

।। संस्था की योजनाए ।।

※ पुना में छात्रो के लिए छात्रानिवास
※ उच्च शिक्षा लेनेवाले छात्रो के लिए विशेष ऋण योजना
※ तिरुपती (आंध्रप्रदेश), माहुर एवं शिर्डी में भक्तनिवास
※ बुलडाणा स्थित १२५ महिलाओं का छात्रानिकेतन
※ ६०० वेअर हाऊस (ग्रेन बँक)
※ बुलडाणा एवम् मोर्शी में गोरक्षणधाम
※ बुलडाणा में जिवनसंध्या स्वर्गाश्रम एवं वेदविद्यालय

बुलडाणा अर्बन चॅरिटेबल व्दारा संचालित, विदर्भ में प्रथम निवासी स्कुल

## सहकार विद्या मंदिर एवम् कनिष्ठ विज्ञान, वाणीज्य महाविद्यालय

(C.B.S.E.)

विद्यानगरी, चिखली रोड, बुलडाणा

कक्षा १ से १२ वी (विज्ञान शाखा)

AQSR

※ विशेषताएँ ※

- बुलडाणा शहर से ५ कि.मी के अंतर पर प्रदुषण रहीत वातावरण मे ३० एकर विशाल परिसर मे आनोखी स्कुल
- अत्याधुनिक उपकरणों के साथ विशाल पुस्तकालय, पाठशाला, विशाल भोजन कक्ष, इंडोअर और आऊटडोअर स्टेडीअम और सुविधाओं से परिपुर्ण कॉम्प्युटर लॅब.
- पौष्टीक भोजन तथा स्वास्थ रक्षा
- शिक्षा भ्रमण, आश्वारोहण,पर्वतरोहण, निशानेबाजी,स्विमिंग, कराटे, संगीत, तलवारबाजी, और भी बहोत कुछ......
- भारतीय संस्कृतीपे आधारित एक परिपूर्ण शिक्षण,जहाँ आपका पाल्य शिक्षा एवम् नैतिक मुल्यका खुदका विकास कर एक आदर्श नागरीक बने
- छात्रावास :- छात्र एवम् छात्राओ के लिए स्वतंत्र व्यवस्था

☎:(07262) 242705, 243705

कक्षा १ से १२ (विज्ञान शाखा)



www.sahakarvidyamandir.in

मोशन क्लासेस कोटा (राजस्थान) के NEET/AIIMS/JEE/MHTCET/KVPY एवं Board Exam की शाखा बुलडाणा मे शुरु है।

स्कुल की कुल शाखाएँ २० :- बुलढाणा, जलगांव (जा), पिपलगांव राजा, मोताला, धामणगांव बढे, डोंगरखंडाला, उंद्री, जानेफल, डोणगांव, सुलतानपुर, बिबी, साखरखेर्डा, सिंदखेडराजा, देऊलगांव राजा, देऊलगांव मही, धाड, वरवट बकाल, दानापूर (अकोला जिला), फत्तेपूर(जलगांव जिला), पिंपलगांव काले. कुल छात्र :- २८०००

वैद्यकीय शिक्षा लेनेवाले छात्रो और वैद्यकीय व्यावसायिकों के लिए ऋण सुविधा

www.buldanaurban.in को मिलो Email:buldanaurban@rediffmail.com

※ विनीत ※



सौ. कोमल झंवर
अध्यक्ष
बुलडाणा अर्बन
चॅरीटेबल सोसायटी



राधेश्याम चांडक
अध्यक्ष
बुलडाणा अर्बन को-ऑप.
क्रेडिट सोसायटी




डॉ. सुकेश झंवर
चिफ मॅनेजिंग डायरेक्टर
बुलडाणा अर्बन, बुलडाणा



।। दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ ।।

नवीन प्रतिष्ठान

**KAMAL**
SOODS PVT. LTD.
(SUGAR MILL)



दामोदरदास मूँदड़ा
पूर्व अर्थमन्त्री, अ.भा. माहेश्वरी महासभा

**KAMAL**
MICRO REFINED
RICE BRAND OIL
Available in 15 Ltrs., 15 Kgs.
& 5 Ltrs. (Can) and 1 Ltrs. (Pouch)

# KAMAL SOLVENT
## Extractions Pvt. Ltd.

**Regd. Office :** "Mundra Niwas" Rajnandgaon - 491 441 INDIA
Phone : 07744 - 241719, 224619, 224719 Cable : "Mundra" Fax : 07744 - 226319

**Works :** G.E. Road, Village khuteri (Somni), Rajnandgaon - 491441
Phone : 07744 - 220621, 220651, 220761, 220771

# अयोध्या में सेवा सदन बनाऐगा भव्य माहेश्वरी भवन

## ८० हजार वर्ग फीट भूमि क्रय-अब सभी के सहयोग से लेगा साकार स्वरूप



**पुष्कर।** श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर के पदाधिकारियों की अति महत्त्वपूर्ण वर्चुअल बैठक गत दिनों सम्पन्न हुई। प्रधान कार्यालय पुष्कर में अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित समय दोपहर 3.00 बजे पदाधिकारियों की बैठक प्रारम्भ हुई।

इसमें महामंत्री रमेशचन्द्र छापरवाल, उपाध्यक्ष विजयशंकर मूंदड़ा व कोषाध्यक्ष मनोहरलाल पुंगलिया की उपस्थिति रही एवं शेष पदाधिकारी वर्चुअल जुड़े। बैठक में सेवा सदन द्वारा गत दिनों अयोध्या में क्रय किये गये भूखण्ड की विस्तृत जानकारी सभी पदाधिकारियों को अध्यक्ष द्वारा साझा करते हुए बताया गया कि श्री राधाकिशन दम्माणी (डी-मार्ट, मुम्बई) के पूर्ण भू-सहयोग से अयोध्या के पुराने परिक्रमा मार्ग स्थित दशरथ कुण्ड के सन्निकट ८०,०००/- वर्गफीट से अधिक भूमि क्रय कर श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन के नाम से रजिस्ट्री करवा दी गई है। क्रय की गई भूमि श्री राम मन्दिर से 2.5 किमी., रेल्वे स्टेशन से 1.5 किमी. एवं रोडवेज स्टेण्ड से 3 किमी की दूरी पर है। सभी पदाधिकारियों ने क्रय किये गये भूखण्ड पर भव्य निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करवाने की इच्छा प्रकट करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। विस्तृत विचार-विमर्श के पश्चात् अतिशीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाया जाना निश्चित रहा। इसी कड़ी में शीघ्र ही संत-महात्माओं, भामाशाहों, वरिष्ठ समाजबन्धुओं की उपस्थिति में भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी के साथ 23 नवम्बर से 27 नवम्बर 2023 तक आयोजित होने वाले पुष्कर मेले की व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। उक्त जानकारी रमेशचन्द्र छापरवाल (महामंत्री) ने दी।


प्रेरणा स्थान



स्व. श्यामसुन्दर मालपाणी

ब्रिजमोहन श्यामसुन्दर मालपाणी
मो. 7775028333, 9423128333

अमेय ब्रिजमोहन मालपानी
मो. 8381028333

यशोदा एग्रो इंडस्ट्रीज

होटल किंग तुवर दाल एवं त्रिमूर्ति तुवर दाल के निर्माता

किन्ही रोड बायपास कारंजा लाड, जिला वाशीम मो. 9423128333, पिन कोड-444105 (महाराष्ट्र)

## गोपाल अष्टमी पर वार्षिकोत्सव



**इंदौर।** गौ माता सेवा संकल्प समिति का वार्षिक आयोजन 21नवंबर को श्री कृष्ण गौशाला फूटी कोठी पर किया गया। इस आयोजन में सर्वप्रथम समिति के कोषाध्यक्ष मुरलीधर मानधन्या ने पूरे वर्ष का आय और व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समिति के वरिष्ठ रमेश दाड एवं के.पी. माहेश्वरी, शिवप्रकाश अजमेरा एवं समिति के संरक्षक सुरेश राठी अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में गौ माता के अन्नकूट का आयोजन गोपाल प्रेम नारायण नागौरी के परिवार ने विभिन्न तरह की सब्जियों का सुंदर-श्रृंगार कर किया। महिलाओं ने परिवार सहित गौ माता का पूजन कर साड़ियां, औढ़ाई। महाप्रसादी के प्रमुख यजमान श्री सुरेश जी राठी थे। इस अवसर पर गाय माता की सेवार्थ कई लोगों ने अपने परिवार की ओर से समिति को राशि भेंट की। समिति प्रमुख मुरलीधर मानधनया ने बताया कि इस गौ माता सेवा संकल्प समिति में 100 सदस्य हैं जो पिछले दो वर्षों से डेढ़ सौ रुपए प्रतिमाह की राशि समिति को प्रदान करते हैं। अंत में अनिल भूतड़ा एवं गोकुल पसारी ने आभार माना ।

## बधर माता का जागरण संपन्न



**औरंगाबाद।** माहेश्वरी समाज की 14 गौत्र की कुलदेवी और क्षेत्र की आराध्य देवी श्री बधर माता (बिजासन माता) के मंदिर पर गोपाष्टमी पर अखिल भारतीय द्वितीय सामूहिक जागरण संपन्न हुआ। श्री बधर माता सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामसुंदर सोमाणी, औरंगाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि कानड़खेड़ा ग्राम की पहाड़ी पर विराजमान कुलदेवी के द्वितीय राष्ट्रीय जागरण के आयोजन में देशभर से कुलदेवी के परिजन आये और सामूहिक जागरण का आयोजन किया। कार्यक्रम भव्य प्रसादी के साथ पूर्ण हुआ। दो दिवसीय आयोजन में ट्रस्ट की कार्यकारिणी की बैठक में निर्माणाधीन भक्त निवास के कार्य की समीक्षा पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रथम महेशाचार्य स्वामी त्रिम्बक तरुण तपस्वी जी महाराज, लोणार मठ, बुलढाना महाराष्ट्र का सान्निध्य भी मिला। ट्रस्ट के राष्ट्रीय महामंत्री मनमोहन बागड़ी मुम्बई ने सभी का स्वागत किया। ट्रस्ट के अर्थमंत्री सम्राट अशोक सोमानी ने पिछले वर्ष का लेखा जोखा सबके मध्य रखा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष गोविंद गदिया चितौड़गढ़ ने अब तक हुए कार्य पर संतोष जताया।


# KOTHARI GROUP

**Wishes A Very Happy Diwali**

With Gleam of Auspicious Diyas and Holy Chants, May Happiness and Prosperity Fill Your Life Forever

**ERA T&D LIMITED**

Plot No. D2 , MIDC Umred, Nagpur
(Unit of tower & Transmission Line & Galvanizing)

**ASA Agrotech Private Limited**

Lihgaon Road Mahalgaon Kamptes, Nagpur
(Unit of bird Feed Manufacturing)
Start Export House & USAD Aprroved

**Shree Metals (Mujbi) Private Limited**

Mujbi, Bela, NH-6, Bhandra
Recucilng Facility for Copper, Zinc, Lead, Aluminum, And all other non-Ferrous Metal
Channel Partner of HZL in Chhattisgarh and Maharashtra

**Best Wishes From**

Shir, Rambilasji Sarda (Chairman)
Shir. Pankaj Rambilas Sarda (MD)
Shri. Kaushik Pankaj Sarda (Director)

**Head Office:** Sation Road Shiwaji Ward Bhandara (MH) 441904
Emil: pankaj@asaagrotech.com, Kaushik.sarda@kotharigroup.co

# पद्मश्री बंशीलाल राठी का हुआ सम्मान




**चैन्नई।** गत दिनों तमिलनाडू के राजभवन में भारत सरकार के ''एक भारत - श्रेष्ठ भारत'' अभियान के अंतर्गत गत 1 नवम्बर म.प्र. सहित देश के विभिन्न 17 राज्यों के स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों की कई हस्तियों का सम्मान राज्यपाल डॉ. आर.एन. रवि के हाथों किया गया। इसके अंतर्गत ईटारसी (म.प्र.) से सम्बद्ध रहे ख्यात व्यवसायी व समाजसेवी अ.भा. माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति पद्मश्री बंशीलाल राठी का सम्मान म.प्र. के निवासी होकर तमिलनाडू के विकास में योगदान को लेकर किया गया। इस सम्मान समारोह में राज्य के कई गणमान्यजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्री राठी अपनी चहुंमुखी समाजसेवा के लिये भारत सरकार के गरिमामय सम्मान ''पद्मश्री'' से भी सम्मानित हो चुके हैं। आपने माहेश्वरी समाज की शीर्ष अ.भा. माहेश्वरी महासभा के सभापति पद पर रहते हुए जो कार्य किये वे आज भी समाज के सेवा इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों पर अंकित हैं। उम्र के उत्तरायण में अस्वस्थता के बावजूद भी आप समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे हैं।

## कोजागिरी पूर्णिमा का आयोजन

**नागपुर।** माहेश्वरी युवा संगठन सीताबर्डी द्वारा कोजागिरी पूर्णिमा 2023 का आयोजन गत 04 नवंबर को माहेश्वरी पंचायत सीताबर्डी में किया गया। विविध खेलों जैसे ग्रुप गेम्स, हाऊजी आदि का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में हेमंत राठी, शैलेश मोकाती, सचिन बजाज, हिमांशु चांडक, सुमित लाहोटी, आशीष लाहोटी, अखिल राठी, यश गोदानी, निखिल गोदानी, अक्षय बिसानी, सुमित चांडक, कपिल टावरी एवं समस्त कार्यकारिणी, माहेश्वरी युवा एवं महिला संगठन, सीताबर्डी सदस्यों ने अपना सहयोग दिया। उक्त जानकारी प्रचार मंत्री रविंद्र चांडक ने दी।

"सच्चे लोगो पर भी उतना ही भरोसा रखिये, जितना दवाईयों पर रखते हैं, बेशक़ थोड़े कड़वे होंगे पर फायदेमंद ही होंगे.."


With Best Compliments From

Hemant Maheshwari (Radheshyam)
73541 44111, 94252 44267

Pranay Maheshwari
77730 44111, 94060 96405

**Balaji Pulses**

Durg Balod Road, Chandkhuri, Durg (C.G.)
Ph. : 0788-2625220 Email : balajipulses@gmail.com



## अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन



**कोयंबटूर।** माहेश्वरी युवा परिषद के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गत 20 अक्टूबर को नवरात्रि के उपलक्ष्य में अन्नदान का आयोजन 'अन्नपुर्णेश्वरी देवी मंदिर', आर एस पुरम प्रांगड़ में संचालित वैदिक पाठशाला के विद्यार्थियों के लिए किया गया। आवासीय पाठशाला में 40 से ज्यादा विद्यार्थी वैदिक शिक्षा ग्रहण कर रहे है। अन्नदान के तहत चावल, दाल, चीनी आदि शुष्क खाद्य सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में माहेश्वरी युवा परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष-गिरीराज फोमरा, भूतपूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम भुराड़िया, सदस्य रेणु भुराड़िया, कुशल केला, रमेश सुदा, सुनील एवं अन्नु पनपालिया, शिवरतन, राजेंद्र भट्टड़, मनोज गग्गड़ इत्यादी ने भाग लिया।

## 'नानी बाई का मायरा' का आयोजन



**उदयपुर।** जिले की मावली तहसील के पलाना खुर्द गांव में माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा महोत्सव उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास रामस्नेही संत दिग्विजय राम महाराज की मधुर वाणी में संगीतमय कथा का भी सभी ने आनंद लिया। समापन अवसर पर उदयपुर शहर के चांदपोल रामद्वारा के महंत नरपतराम महाराज सहित संत निर्मल राम महाराज, संत मुमुक्षुराम महाराज ने भी विचार रखे। तीन दिवसीय इस आयोजन के सानंद सम्पन्न होने के उपलक्ष्य में फाग उत्सव भी रखा गया। भक्तों ने भगवान के साथ पुष्पों की होली खेली। द्वारिकाधाम फाग उत्सव के उल्लास में रम गया। अंत में पोथीजी की महाआरती हुई।


महेश अर्बन को. ऑप.क्रेडिट सोसायटी मर्यादित मलकापूर

गौरक्षण कॉम्प्लेक्स बुलढाणा रोड मलकापूर र.न. 1227 फोन नं. 0726722773

महेश अर्बन मलकापुर

आर्थिक स्थिति (30.09.2023)

एकुण ठेवी 43.13 कोटी, कर्ज वितरण 33.29 कोटी,

गुंतवणुक 17.61 कोटी, भाग भांडवल 1.57 कोटी

संस्था के सामाजिक एवं लोकोपायोगी कार्य

- सभा सदोका का 100000/- विनामूल्य सुरक्षा बीमा
- बेवारस प्रेतों का अंतिम संस्कर
- सामाजिक एवं राष्ट्रीय उपक्रम में सहभाग
- राष्ट्रीय आपात स्थिति में आर्थिक एवं सक्रीय सहभाग
- बेवारस प्रेतों का अंतिम संस्कार
- शीतल जल सेवा केंद्र
- योग साधना एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा उपचार शिविर
- ॲक्यूप्रेशर शिविर
- सभा सदोका उपचार के लिए आर्थिक मदद

मख्खनलाल मूंधडा – अध्यक्ष | किशोर बाहेती – उपाध्यक्ष | नंदलाल राठी – उपाध्यक्ष | सुनील अग्रवाल – व्यवस्थापक

संचालक मंडल एवं कर्मचारी वृंद

महेश अर्बन, को.ऑपरेटिव्ह क्रेडिट सोसायटी मर्यादित, मलाकपूर

# पेरेन्टिंग पर आयोजित हुई वर्कशॉप




**सूरत।** भारत में पहली बार पेरेंटिंग जैसे गूढ़ विषय पर 14 वर्षिय भाविका माहेश्वरी ने सेशन लिया। भाविका माहेश्वरी ने रामायण एवं गीता के रेफरेंस से कई उदाहरण दिए। उल्लेखनीय है कि भाविका माहेश्वरी ने 10 वर्ष की उम्र में कथा द्वारा 52 लाख समर्पण निधि इकट्ठी करके अयोध्या राम मंदिर भेजी। पिछले तीन वर्षों में भाविका ने 50 हजार किलोमीटर का सफर करके पूरे भारत मे 300 कार्यक्रम (कथा, मोटिवेशनल कार्यक्रम) किये। हाल ही में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू जी से मिलने का सौभाग्य भी मिला है। भाविका की 4 पुस्तकें प्रकाशित भी हो चुकी हैं तथा सेंट्रल जेल से लेकर आइसोलेशन सेंटर तक में कथा कर चुकी हैं।

# डांडिया नाईट का आयोजन



**कोयम्बटूर।** गत 22 अक्टूबर को माहेश्वरी युवा मंडल के अंतर्गत नवरात्रि के पावन पर्व पर डांडिया नाईट का आयोजन माहेश्वरी भवन में किया गया। कार्यक्रम में समाज के 100 से ज्यादा सदस्यों ने पारम्परिक परिधान पहनकर भाग लिया। सभी सदस्यों के लिए स्वादिष्ट भोजन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रा से सदस्यो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था मे युवा मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष-गिरीराज फोमरा, भूतपूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम भुराड़िया, युवा कार्यकारिणी के सदस्य- सुमिरन मालू, रौनक राठी, यादव सोमानी, गोविंद मण्डोवरा, जुगल सोमाणी आदि ने सहयोग दिया।

'प्रसन्न' वही है, जिसने 'अपना' मूल्यांकन किया, और 'परेशान' वही है, जिसने 'औरों' का मूल्यांकन किया..

# पूर्णिमा उत्सव का आयोजन



**सागर ( म.प्र. )।** माहेश्वरी महिला मण्डल नगर इकाई अध्यक्ष ममता चांडक के सहयोग से पूर्णिमा का कार्यक्रम रखा गया। इसमें डांस प्रतियोगिता, गरबा, गेम, हाउजी आदि रखी गई। सभी लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। इसके साथ ही डिनर का कार्यक्रम भी रखा गया। नगर सचिव कविता व उनकी पूरी टीम ने आभार प्रकट किया।

# शरद उत्सव का आयोजन



**सनावद ( दस्तक )।** माहेश्वरी समाज सनावद द्वारा पूर्व की तरह इस वर्ष भी शरद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कई रंगारंग कार्यक्रम हुए जिसमें बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई। बच्चों का समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री ने प्रोत्साहन सभी को पुरस्कार प्रदान कर किया। महिला अध्यक्ष उषा मंत्री ने सामाजिक विषय पर चर्चा के विषय दिए जिसमें श्याम माहेश्वरी, एडवोकेट श्वेता परवाल, भाजपा मोर्चा अध्यक्ष अमिता मंत्री आदि ने अपने विचार दिए। सीमा चोखड़ा के तात्कालिक भाषण पर अपने विचार भी सामने आए। कार्यक्रम का संचालन वनिता राठी एवं आभार सचिव शिरीष अजमेरा ने व्यक्त किया।

# लायंस उप प्रांतपाल का स्वागत



**नावा सिटी।** लायंस क्लब के उप प्रांत पाल डॉक्टर संजीव जैन के नावा सिटी आगमन पर माहेश्वरी समाज के नावा कुचामन तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण लड्ढा द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। लायंस क्लब अध्यक्ष कुसुम लड्ढा, संतोष कुमार लड्ढा, मूलचंद लड्ढा, प्रकाश योगी आदि उपस्थित थे।

## स्व. केला के तृतीय पुण्य स्मरण का आयोजन



**वर्धा।** स्थानीय सत्यनारायण बजाज वाचनालय में माहेश्वरी नवयुवक मंडल वर्धा तथा केला परिवार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय रतनलाल केला के तृतीय पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यावाचस्पति स्वानंद पुंड उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि, युवकों को सामाजिक दायित्व से जोड़ा जा सकता है बशर्ते हम उन्हें हमारे आचरणों से दिखाएं कि जीवन में सही क्या है और गलत क्या है? स्वर्गीय श्री केला के जीवन कार्यों से परिचय उनके साथी रहे वरिष्ठ लेखापाल परमानंद तापड़िया ने कराया। देश के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम डॉ. अब्दुल कलाम तथा तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम प्रणव मुखर्जी ने भी स्व. श्री केला को सम्मानित किया था। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रशिक्षक अनिल राठी, अमरावती ने भी विचार व्यक्त किये। अतिथियों का स्वागत डॉक्टर उल्हास जाजू, सूर्यकुमार गांधी, मुरलीधर केला तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष लोकेश कुलधारिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन कु. कृष्णा, कु. कोयल तथा कु. अक्षरा केला एवं आभार प्रदर्शन अनिल केला ने किया।

## गरबा महोत्सव का आयोजन



**मांडल ( भीलवाड़ा )।** नगर माहेश्वरी सभा एवं माहेश्वरी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2023 तक माहेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि डॉक्टर मनोज बसेर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मांडल थे। अंतिम दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती, उपाध्यक्ष राम राय सेठिया, उपाध्यक्ष रामकिशन सोनी, संयुक्त मंत्री राजेंद्र पोरवाल, महासभा सदस्य ओम बिरला ने माताजी व महेश भगवान की आरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तहसील अध्यक्ष पवनकुमार मंडोवरा और तहसील सचिव कृष्ण गोपाल ईनाणी का दुपट्टा पहनाकर नगर माहेश्वरी सभा अध्यक्ष महावीर झंवर व सचिव विनोद बिड़ला वरिष्ठ पत्रकार राजस्थान पत्रिका ने स्वागत किया।

**"बस जीवन में 'नीयत' अच्छी रखिए, फिर देखना 'नियति' हमेशा आपका साथ देगी.."**

## 'वोकल फॉर लोकल' को प्रोत्साहन



**बूंदी।** सामर्थ्य सोसायटी द्वारा शहर के अलग-अलग प्रमुख क्षेत्रों में पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व पर 'आत्मनिर्भर भारत की ओर एक और कदम' का संदेश देते हुए 'वोकल फॉर लोकल' के मूलमंत्र के साथ 'नारी से खरीददारी' को बढ़ावा देने का सघन अभियान चलाकर फुटकर महिला उद्यमियों को आकर्षक उपहार भेंट किए गये। सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा आयातित वस्तुओं की तुलना में स्वदेशी उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के विचार पर आधारित है। इस दौरान हमारे त्यौहारों एवं उत्सवों को सुरक्षा प्रदान करने वाले रक्षक के रूप में तैनात रहने वाले पुलिस कर्मियों को भी सोसायटी की ओर से मिठाई वितरित कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान नम्रता शुक्ला, आराधना जांगिड़, नेहा जोशी, वर्तिका हाडा आदि उपस्थित रहे।


# राठी पेडेवाला

Since 1985

कॅटरींग :- हर तरह की पार्टी के लिये कॅटरींग सर्विसेस उपलब्ध है । राजस्थानी, पंजाबी, गुजराती, महाराष्ट्रीयन, साऊथ इंडियन, कॉन्टीनेंटल, चायनीज,इटालियन, सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ ऑर्डर के अनुसार मिलेंगे

रेस्टॅरेन्ट :- शुद्ध शाकाहारी रेस्टॉरेन्ट

मिठाई :- ड्रायफ्रुट, घी, मावा, बंगाली, हर तरह की मिठाईयॉ उपलब्ध है

नमकीन :- विभिन्न प्रकार के सेव, चिवडा, फरसाण उपलब्ध है

बेकरी प्रोडक्टस :- ब्रेड, टोस्ट, कुकीज, खारी, केक उपलब्ध है



Add :- केडीया प्लॉट, कॉन्व्हेंट रोड, अकोला

Ph. :- 0724-2450049 मोबाईल नं. 9423428592, 9960298650

Email :- rathipedewala@gmail.com

Website :- www.rathipedewala.com

कृष्णकुमार राठी जगदीश राठी गिरीराज राठी महेश राठी

## जाजू बनी भाजपा महिला मोर्चा महासचिव



**झज्जर।** डॉक्टर नीना राठी जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा झज्जर ने सुमन जाजू को उनके निवास स्थान पर पटका पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित किया। उन्हें भाजपा महिला मोर्चा जिला झज्जर की महासचिव का दायित्व दिया गया।

## नर सेवा-नारायण सेवा




**जयपुर।** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा 'महेश अन्न सेवा' का आयोजन वर्षपर्यन्त किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज के भामाशाहों द्वारा 17 नवम्बर, 2023 को जे. के. लॉन हास्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंदों को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष केदारमल भाला, समाज महामंत्री मनोज मूंदड़ा, उपाध्यक्ष शिक्षा बजरंग बाहेती, संयुक्त मंत्री बृजमोहन बाहेती, सत्यनारायण काबरा (जे. डी.), राजेश बियानी, शकुन्तला देवी, नितेश काबरा सहित समाज के कई गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

With Best Compliments

Murlidhar Rathi 9009992403
Ashok Rathi 98261-66215
Ashish Rathi 96170-70000
Amit Rathi 90095-25777

MAHESHWARI STEEL TRADERS

Deals In : Plates, Channel, Joist & Other Structural Items
Dealer Of Kamdhenu TMT
Dealer of : Acc Cement : Ultratech Cement

G.E. Road, Pulgaon Naka, Durg 491001 (Chhattisgarh)
Ph : 0788-2210538, E-mail : mst.durg@gmail.com

Rathi Steels
Pulgaon Naka, Ganjpara, Durg-491001 (Chhattisgarh)

## पोती से मिली मतदान की प्रेरणा



**रतलाम।** जिले के बड़ावदा नगर की 90 वर्षीय महिला भागवंती बाई मूंदड़ा ने जीवन में कभी मतदान नही करने का संकल्प लेकर अपने जीवन के 90 बसन्त गुजार दिए। पर इस बार अपनी पोती की जिद्द के आगे संकल्प तोड़ना पड़ा। जब पोती राखी मूंदड़ा ने समझाया कि आपने अपने जीवन में कई प्रकार के दान किये होंगे जिसका पुण्य स्वयं के लिए कमाया। पर मतदान ही एक ऐसा दान है जिसके द्वारा हमें अपने राष्ट्र को समृद्ध व सशक्त बनाने का अवसर मिलता है। क्योंकि देश सुरक्षित है तो हम सुरक्षित है। अपनी पोती की बातों व विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने न केवल स्वयं पोलिंग बूथ बड़ावदा पर पहुंचकर मतदान किया अपितु सबको मतदान करने की प्रेरणा दी।

## संघ पथ संचलन में सेवा




**सूरत।** माहेश्वरी समाज द्वारा राष्ट्रीय सेवक संघ के पंथ संचलन में स्वयं सेवकों के लिए अल्थान और सिटीलाइट विस्तार में शीतल जल और नींबू शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सतीश कोठारी, पूनम मालपानी, ओम प्रकाश बिड़ला, मनीष सारडा, चंचल सोमानी आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में सूरत जिला माहेश्वरी सभा सचिव अतिन बाहेती, उपाध्यक्ष विजय भट्टड, सह सचिव विजय राज चांडक, महेश खटोड़ और गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी युवा संगठन के उपाध्यक्ष कृष्ण राठी एवं गिरधारी साबू की विशेष उपस्थिति रही।

## विद्यार्थियों ने किया धार्मिक भ्रमण



**भीलवाड़ा।** श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित श्री महेश पब्लिक स्कूल, प्राइमरी विंग में कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी छात्रों को धार्मिक अध्ययन के लिए इस्कॉन मंदिर व रामधाम का भ्रमण करवाया गया। महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल, सचिव राजेंद्र कचौलिया व कोषाध्यक्ष राजेश बाहेती ने अपने विचार व्यक्त किये। राम धाम में महाराज त्र्यंबकेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और गौ संरक्षक गोविंद सोडाणी ने भी अनेक जानकारियां उपलब्ध करवाई।

## कृष्णमय कोजागिरी का आयोजन



**नागपुर।** ज्योति महिला मंडल द्वारा मनोरंजक कृष्णमय कोजागिरी कार्यक्रम टाटा कैपिटल हाइट्स में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सखियों के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स और प्रतियोगिता आयोजित की गई। रास गरबा की थीम पर डांडिया गेम में सभी ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। सभी सखियों के लिए मिसेज चांदनी प्रतियोगिता भी रखी गई। निर्णायक के रूप में डॉक्टर राजबाला सारडा को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ ही शरद पूर्णिमा पर विशेष महत्व रखने वाले दूध की खीर का भी आनंद लिया। संस्थापिका अध्यक्ष शोभा सुरजन, अध्यक्ष अर्चना बिंझानी, सचिव स्वाति सावल आदि ने सभी का स्वागत किया। इंदिरा सावल, सुनीता इन्नाणी, शोभा सावल, सोनल लोया, श्वेता सावल, कोमल सावल, प्रियंका सावल का भी विशेष सहयोग रहा।




With Best Compliments From

Shri Krishna Udyog

Mfg. of Brass Circles utensils, Road, Hex & Flats
Mfg. of Stoneless Sortex Rice

Udyog Nagar, Bhandara - 441904 (MS)
Mob. : 7020132006
email : krishnaudyog18@gmail.com


## सम्मान समारोह का हुआ आयोजन





**नावां।** पगल्या वाले बाबा सेवा समिति द्वारा नावां नगर के सभी भामाशाह एवं समाजसेवी के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नावां कुचामन माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण लड्ढा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री लड्ढा ने आभार प्रकट किया।

## अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन



**कोयंबटूर।** इसी प्रकार माहेश्वरी युवा परिषद के तत्वावधान में गत 05 नवम्बर को अन्नदान का आयोजन 'अनबालयम वृद्धाश्रम', पेरुर रोड़ में किया गया। आश्रम में 35 से ज्यादा वृद्ध एंव असहाय पुरुष एंव महिलाऐं जीवन यापन कर रहे है। अन्नदान के तहत सभी के लिए एक समय का गरम भोजन भेंट किया गया। कार्यक्रम में शिव मंत्री, संतोष मंत्री, क्रिष मंत्री, निर्मला कांकाणी, कंचन मालाणी, दीपक मालाणी, मनोज गग्गड़ आदि ने भाग लिया।

## खरी-खरी...



*स्वार्थ, कुटिलता, दंभ, द्वेष*
*पलते अंतर्मन में*

*न्याय नीति निष्प्राण हुए*
*सुख के संवर्धन में*

*संवेदन के सुमन*
*हृदय मधुबन में मुरझाये,*

*जब से विष की बेल उगी*
*अपने हृदयांगन में*

© राजेन्द्र गट्टानी, भोपाल
94250-16939, 87702-21707

## बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम सम्पन्न



**भीलवाड़ा।** मेवाड़ माहेश्वरी मंडल द्वारा 23वां मासिक बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम गत 05 नवम्बर को माहेश्वरी समाज संपत्ति ट्रस्ट, नागोरी गार्डन में आयोजित हुआ। प्रदीप बल्दवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला माहेश्वरी सभा, रमेश राठी मंत्री जिला सभा, कृष्ण गोपाल जाखेटिया उपाध्यक्ष महेश सेवा समिति, प्रीति लोहिया जिला अध्यक्ष माहेश्वरी महिला संगठन, कल्पना सोमानी भोपालगंज माहेश्वरी महिला संगठन, राधा न्याति प्रकल्प प्रभारी जिला माहेश्वरी महिला संगठन, अंकिता राठी प्रदेश उपाध्यक्ष माहेश्वरी महिला संगठन आदि ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सम्पत माहेश्वरी, श्रवण समदानी, सुनील मूंदड़ा, सुरेश जाजू, कैलाश सामरिया, ओम मालू, सत्यनारायण तोषनीवाल, सत्यनारायण सोमानी, ओम कृष्ण समदानी आदि कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। मुख्य संयोजक श्रवण समदानी व सम्पत माहेश्वरी ने आभार व्यक्त किया।

## सुरभि राठी को ज्ञान गंगा पुरस्कार



**अमरावती।** लेखिका सुरभि राठी को हाल ही में विन फाउंडेशन मुंबई और महालक्ष्मी एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से पटवर्धन सभागार, सदाशिव पेठ, पुणे में ज्ञानगंगा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संस्थान के अधिकारियों के हाथों उन्हें सम्मान पत्र, पदक, सम्मान बैज, श्रीफल, माला और महावस्त्र प्रदान किया गया। उनकी लिखी अंग्रेजी व्याकरण केजी से पीजी तक की अनिवार्यता ब्लूरोजवन पब्लिकेशन, नोएडा द्वारा 400 पृष्ठों की पुस्तक प्रकाशित भी हो चुकी है। पुस्तक अमेज़न, फ्लिपकार्ड पर ऑनलाइन उपलब्ध है। सुरभि राठी के लिए उनके पूरे परिवार की ओर से एक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। नरेंद्र राठी, माला राठी, चंदा राठी, सुरेंद्र राठी, विनोद राठी, सरिता राठी, विशाल राठी, पूजा राठी, विक्रम राठी, रूपाली राठी, द्वारका राठी, प्रतीक राठी, पूनम राठी, संकेत राठी आदि ने उनका स्वागत किया।




## हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**नावांसिटी।** आदर्शविद्या मंदिर विद्यालय द्वारा संचालित पाबूजी महाराज संस्कार केंद्र में हनुमान चालीसा पठन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आदर्शविद्या मंदिर समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण लड्ढा एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष राधाबल्लभ मिश्र थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण लड्ढा ने अतिथियों एवं उपस्थितों का आभार प्रकट किया। संचालन केंद्र चालक नरेंद्र कुमार ने किया। अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रसाद कुमावत ने दिया।

## छापरवाल खाँप का स्नेह मिलन

**किशनगढ़।** छापरवाल मुख्य खाँप, नख- दुजारी (दुजारा), दुसा परिवार के अखिल भारतीय स्तर पर एक स्नेह मिलन का आयोजन आगामी 24-25 दिसम्बर रविवार को श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर में होगा। उक्त जानकारी देते हुए रमेशचंद्र छापरवाल ने बताया कि व्हाट्सऐप पर समस्त भारत छापरवाल परिवार ग्रुप बना हुआ है। सभी उससे जुड़ें ताकि समय-समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान होता रहे। इस ग्रुप से जुड़कर सभी परिवार अपना पूर्ण पता, परिवार के सदस्यों के नाम, मोबाईल नं., आने-जाने का विस्तृत विवरण प्रेषित करें ताकि अपनी पारिवारिक डायरेक्टरी बनाने तथा सभी आने वाले बंधुओं को व्यवस्थित व्यवस्था देने में सहयोग प्राप्त हो। अधिक जानकारी के लिए गोपालकृष्ण छापरवाल, मुम्बई से सम्पर्क किया जा सकता है।




## विदर्भ प्रादेशिक सभा की बैठक सम्पन्न



**नागपुर।** विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की प्रथम कार्यसमिति सभा गत दिनों आयोजित हुई। उदघाटन विद्या चांडक, काटोल ने किया। कार्यक्रम प्रभारी मीना सांवल तथा समापन अतिथि लीला टावरी, नागपुर थीं। यह दो दिवसीय आयोजन लहर फार्म हाऊस, धामना, नागपुर में हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुषमा बंग ने अपने उद्बोधन में समाज में उत्पन्न नई समस्याओं पर प्रकाश डाला। सचिव प्रतिवेदन प्रदेश सचिव नीलिमा मंत्री ने रखा। कोषाध्यक्ष प्रेमा बंग ने आय-व्यय का ब्यौरा दिया। संगठन मंत्री कल्पना भूतड़ा ने ग्राम स्तर तक संगठन बनाने पर बल दिया। प्रचारमंत्री सुनीता मल्ल ने समाज के साथ-साथ अन्य तक समाज कार्यों का प्रचार करने का आह्वान किया। मीना सांवल व पूर्व अध्यक्ष तारा आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम सहायक नागपुर जिला अध्यक्ष प्रगति माहेश्वरी व सचिव मीनू भट्टड, निशि सांवल व पूनम झंवर ने अपना सहयोग दिया। समापन समारोह में अखिल भारतीय से लेकर विदर्भ स्तर ऑनलाइन ली गई प्रतियोगिताओं, लेखन प्रतियोगिता व आजादी के 77 वर्ष में पारिवारिक फोटो के राष्ट्रीय स्तर के सहभागियों को पुरस्कार दिए गए। सभा का संचालन नीलिमा मंत्री, समापन सभा का संचालन कल्पना भूतड़ा, सुनीता मल्ल ने किया। आभार लक्ष्मी भट्टड़ ने माना। नागपुर जिला से लक्ष्मी राठी, कांता चांडक, किरण मूंधड़ा, आशा दुजारी, नीता सारडा, सावित्री पचीसिया, वैजयंती माहेश्वरी आदि की उपस्थिति रही।

## 'हेलारो 2023' का हुआ आयोजन



**अहमदाबाद।** माहेश्वरी युवा संगठन ने 'हेलारो नवरात्री गरबा' कार्यक्रम का आयोजन गत 27 अक्टूबर को एवरग्रीन पार्टी प्लाट में किया। इसमें समाज के 450 से ज्यादा सदस्य उत्साह पूर्वक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि तथा अहमदाबाद साबरमती क्षेत्र अध्यक्ष दीनदयाल मालपानी, संगठन के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पेडीवाल, अमित काबरा, आलोक करनानी, रंगनाथ मूंदड़ा, अनिल मनियार, नितिन मूंदड़ा, कोशल थिरानी, विक्रम धूत, मध्यांचल सचिव मनीष चांडक, गुजरात प्रांत सचिव मयंक बागड़ी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम सह - सहयोजक विजय पुंगलिया, उपेन बिरला, लक्ष्य बांगड़, गिरिराज काबरा आदि ने आभार प्रकट किया। उक्त जानकारी संगठन मंत्री अर्पित बाहेती द्वारा दी गयी।

## माहेश्वरी बने केट के प्रदेश उपाध्यक्ष



**बड़वानी।** म.प्र. वैश्य महसम्मलेन के प्रदेश महामंत्री एव वरिष्ठ कर सलाहकार महेशचन्द्र माहेश्वरी धार को कॉन्फ्रेडेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया एवं धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी का प्रभारी नियुक्त किया गया। उक्त नियुक्ति केट के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने की।

## गरबा प्रतियोगिता का आयोजन



**सूरत।** जिला माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में गरबा, नृत्य और डांडिया की प्रतियोगिता आयोजित की गई। अध्यक्ष दीपक मालानी ने बताया कि गरबा के 3 राउंड और डांडिया का 1 राउंड लाइव ऑर्केस्टा के साथ खेला गया। कमल भूतडा, अशोक कोठारी, श्याम भंडारी, राधाकृष्ण मूंदड़ा, रामप्रकाश झंवर, दिनेश राठी आदि कई गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक मनीष लखोटिया, आशीष सोनी, सूरज भूतडा, गौरव मूंदड़ा, दिनेश भट्टड, जितेंद्र राठी आदि के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

## सुपोषित आहार किट वितरण




**फरीदाबाद।** माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट द्वारा गत 2 नवंबर को 'सुपोषित माँ' अभियान कार्यक्रम में ग्यारहवीं एवं बारहवीं 'सुपोषित आहार' की किट वितरित की गई। मंच का संचालन महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल आगीवाल एवं सचिव श्रवण मीमाणी ने किया। इसके पश्चात इस कार्यक्रम का संचालन- कार्यक्रम की संयोजक नीतू भूतड़ा एवं आशु झंवर ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बागला ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के अंजू एवं मधुसूदन बागला (Hindustan Adhesives Limited) थे। इसमें 150 गर्भवती महिलाओं और 33 टीबी मरीजों को सुपोषित आहार की किट प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में 150 गर्भवती महिलाएं और 33 टीबी मरीजों व उनके साथ आए उनके परिजनों ने भी सुपोषित आहार ग्रहण किया। इस पूरे कार्यक्रम में सुपोषित आहार की किट तैयार करने से लेकर बांटने तक के सफर में काफी संख्या में समाज सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में महेश्वरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल आगीवाल, सचिव श्रवण मिमाणी, रमेश झंवर, देवेश चांडक, ललित परवाल, मालचंद जाजू, रामनिवास भूतड़ा, विमल खंडेलवाल, विकास झंवर, महिला मंडल की अध्यक्षा पुष्पा झंवर, आशु झंवर आदि ने हिस्सा लिया। यह योजना मेसर्स किर्लोस्कर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, पीतांबरा ग्रेनाइटस प्राइवेट लिमिटेड, ए बी एम इंटरनेशनल लिमिटेड व बागला ग्रुप ऑफ कम्पनीज के सीएसआर फंड से प्राप्त धन राशि से क्रियान्वित है।

## 'आत्मनिर्भर समाज' का लें संकल्प

दीपावली के पावन पर्व की समस्त समाज बंधुओं को हार्दिक बधााई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कुशलता की मंगलकामना करता हूँ। मैं भगवान महेश से मंगलकामना करता हूँ कि समाजजन स्वस्थ, सकुशल और प्रसन्नचित रहे। समाज में सदैव प्रेम, सदभावना, सदाचार, समर्पण बना रहे। समाज हर क्षेत्र में सफलता की ऊँचाईयों को छुएं और समाज बंधुओं को प्रतिष्ठा एवं सफलता प्राप्त हो।



''आत्मनिर्भर समाज'' की परिकल्पना को साकार करने के लिए विजन 2030 तक समाज का हर जरूरतमंद परिवार आर्थिक दृष्टि से समृद्धशाली हो तथा स्वावलम्बी बने। इसके लिए हम सभी समाज बंधु संकल्प लें कि ''जरूरतमंद समाज बंधुओं का तन-मन-धन से सहयोग करेंगे एवं उन्हें आर्थिक दृष्टि से समृद्धशाली बनाने व उन्हें स्वावलम्बी बनाने का प्रयास करेंगे।'' हमारा ऐसा प्रयास होना चाहिए कि आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवारों के बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें तथा ऐसे परिवार अपने स्वयं का व्यापार-व्यवसाय सतत संचालित कर सके व ''आत्मनिर्भर'' बन सकें। यह मुश्किल कार्य जरूर है लेकिन नामुमकिन नहीं, सम्पूर्ण समाज की सहभागिता से इस कार्य में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

**राजकुमार काल्या**
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा

# थ्री स्टार रामेश्वरम भवन की मिली सौगात

## श्रीनगर माहेश्वरी सभा एवं रामेश्वरम भवन समिति के संयुक्त तत्वावधान में लोकार्पण समारोह हुआ आयोजित





**भीलवाड़ा।** सामाजिक सरोकारों को लेकर भीलवाड़ा माहेश्वरी समाज अग्रणी है। धन कमाना आसान है, लेकिन धन को अच्छे कार्यों-सेवा में खर्च करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

यह बात रामेश्वरम भवन के लोकार्पण कर्ता के रूप में श्रीनगर माहेश्वरी सभा एवं रामेश्वरम भवन समिति के संयुक्त तत्वाधान में माहेश्वरी समाज के महत्वपूर्ण प्रकल्प थ्री स्टार रामेश्वरम भवन के लोकार्पण के अवसर पर श्री सीमेंट लि. के चेयरमेन हरिमोहन बांगड़ ने कही। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज को थ्री स्टार रामेश्वरम भवन की सौगात मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा ने कहा कि मेरे सत्र में महासभा की बैठक किसी फाइव सितारा होटल में नहीं करके समाज के भवनों में ही की जाएगी। पूर्व सभापति रामपाल सोनी ने भवन में सहयोग करने वाले एवं नीव के पत्थर जिन्होंने भवन बनाने में पूर्ण सहयोग किया उन भामाशाह बन्धुओ के सहयोग की सराहना की। भीलवाड़ा शहर में माहेश्वरी समाज के 12 माहेश्वरी भवन हैं और 4000 परिवार निवासरत हैं, फिर भी शादियों में जगह की कमी रहती है। इसी को लेकर समय की आवश्यकता को देखते हुए भवन निर्माण करवाया गया है। प्रारंभ में रामेश्वर भवन प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कैलाश कोठारी ने रामेश्वरम भवन के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। लोकार्पण समारोह में पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी व सुभाष बहेड़िया ने भी अपने विचार रखें।

### समाज की कई हस्तियाँ मौजूद

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री अजय काबरा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजकुमार काल्या, प्रवीण सोमानी, रमाकांत बाल्दी, युवा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी, कार्यक्रम स्वागत अध्यक्ष अनुराग कोठारी, ममता मोदानी, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चैचानी, रामगोपाल सोमानी आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम का सफल संचालन जगदीश प्रसाद कोगटा ने किया। मंत्री राजेंद्र प्रसाद बिरला व कोषाध्यक्ष सुरेश कचोलिया ने बताया कि लोकार्पण समारोह के दौरान रामेश्वरम भवन में सहयोग करने वाले भामाशाहो का श्री सीमेंट लि. के चेयरमेन हरिमोहन बांगड द्वारा सम्मान किया गया।

### भवन में यह होगी सुविधाऐं

रामेश्वर भवन समिति के अध्यक्ष कैलाश कोठारी व नगर अध्यक्ष केदार गगरानी ने बताया कि श्रीनगर माहेश्वरी सभा का महत्वाकांक्षी प्रकल्प रामेश्वरम हरनी महादेव रोड के स्मृति वन के पास पांच बीघा में फैला हुआ है। इसमें 84 वेल फर्निश रूम बनाए गए हैं, जिसमें 12 सुइट रूम, चार बड़े हॉल, एक बैंकट हॉल व दो फैमिली हॉल हैं। इसमें लेडिस चेंज रूम, विनायक स्थापना, दो बेड, सोफे होंगे, 3 रिसेप्शन के साथ वर-वधू की शादियों के लिए 68000 स्क्वायर फीट का गार्डन, सेंट्रल एसी हॉल के साथ, दो भोजन शाला, बेसमेंट पार्किंग में 400 गाड़ियां, पार्किंग के स्थान के साथ लग्जरी सुविधाएं भवन में उपलब्ध रहेंगी।









# इनाणी बने सबसे कम उम्र में इंदौर हायकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष

**इंदौर।** इंदौर हार्यकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में नए अध्यक्ष रितेश इनाणी चुने गए हैं। इनाणी इस पद पर निर्वाचित होने वाले सबसे कम उम्र के अधिवक्ता हैं। देर रात घोषित हुए चुनाव परिणाम में इंदौर हायकोर्ट बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष रितेश इनाणी चुने गए। उपाध्यक्ष यशपाल राठौर और भुवन गौतम को सचिव चुना गया। 47 वर्षीय रितेश इनाणी बागली के एडवोकेट परिवार के रूप में जाने वाले इनाणी परिवार से हैं। आपके दादा रामगोपाल इनाणी भी ख्यात अधिवक्ता थे। पिता राजेंद्र इनाणी भी वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। बुधवार को 27 राउंड में हुई मतगणना शाम 6 बजे से रात 11:30 बजे तक चली। इससे पहले इंदौर हायकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव का मतदान कड़ी सुरक्षा



के बीच कराया गया। मतदान प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरु होकर शाम 5 बजे तक चली। मतगणना शाम 6 बजे शुरू हुई। चुनाव में 1807 में से 1328 वोट डाले गए हैं।

# स्नेहा हुई पुरस्कृत



**लेसवा।** सीतादेवी व राधेश्याम काबरा की सुपौत्री एवं सीमा-सॉवर काबरा की सुपुत्री स्नेहा काबरा को 12वीं की परीक्षा में भीलवाडा जिले की मेरिट में सेकण्ड स्थान प्राप्त करने पर राजस्थान सरकार द्वारा स्कुटी पारितोषिक स्वरुप प्रदान की गई। इस उपलब्धि पर सभी स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया। उक्त जानकरी लेसवा उप सरपंच कृष्ण गोपाल काबरा ने दी।

# युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन



**बागोर।** माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी व माहेश्वरी महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुन्दर सोनी, नागपुर लोकसभा सीट से पूर्व बीजेपी उम्मीदवार रमेश मंत्री एवं विजय चांडक बागोर अपनी कुल देवी श्री सेवल्या माता के दर्शनार्थ आये। यहाँ पूजा अर्चना कर सौनी निवास आगमन पर सत्यनारायण, बालमुकुंद, रामजस, अभिषेक, शिवम सोनी, बागोर उप सरपंच घनश्याम देवपुरा, समाज अध्यक्ष रामबगस सोमानी ने स्वागत सत्कार किया। समाज द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ की चर्चा भी की गई।

## माहेश्वरी पत्रकारों का सम्मान



**अकोला।** अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत द्वारा स्व. श्री रामजस सोडाणी स्मृति जर्नलिस्ट आफ ईयर प्रबुद्ध पत्रकारिता सम्मान से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने वाले 51 माहेश्वरी पत्रकारों की चयन प्रक्रिया के पहले चरण में 10 पत्रकारों की सूची 16 नवंबर राष्ट्रीय पत्रकार दिवस के अवसर पर जारी की गयी। प्रथम 10 पत्रकारों की सूची में यहां के वरिष्ठ कर्मठ कार्यकर्ता, पत्रकार स्व. मदनलाल अजमेरा के सुपुत्र एवं अकोला जिल्हा माहेश्वरी संगठन के सदस्य डॉ. नवलकिशोर एम. अजमेरा का जिले से चयन किया गया है।


## अहिंसा अर्बन को ऑप. क्रेडीट सोसायटी मर्या.

मलकापूर, रजि. नं. 1243
नेमाणे कॉम्पलेक्स, बी.जी.टी.आय रोड, मलकापूर-443101 मो. 82756 46933

**वैशिष्ट्ये**
अहिंसा ठेव योजना
फक्त 84 महीन्यात दाम दुप्पट
संस्थेच्या ठेविवरील आकर्षक ब्याज दर

**मुदती ठेव**
- 30 दिवस ते 90 दिवस 6%
- 91 दिवस ते 6 महीने 7%
- 7 महीने ते 15 महीने 8%
- 16 महिनेचे वर 9%
- 25 महिनेचे वर 9%

**आकर्षक आवर्तक ठेव योजना**
1031 रू. दरमहा गुंतवा व 6 वर्षाने
1 00 000 रू. मिळवा.
( मर्यादीत कालावधी करीता )

- जेष्ठ नागरीक, सहकारी संस्था, विधवा, अपंगांसांठी 1/2% अधिक ब्याज दर.

**आपले स्नेहाकीत**

श्री. पंकज चिमनलालजी मुंधडा — अध्यक्ष — 94044 40000
सतिष हेमराज बंग — सचिव
श्री. मनोज रतीलालजी भ्रिमजीयाणी — उपाध्यक्ष

तथा संचालक मंडल व कर्मचारी वृंद
अहिंसा अर्बन को-ऑप. क्रेडीट सोसायटी मर्या. मलकापूर


# त्योहार-उपहार-योजना

**लखनऊ।** त्योहार-उपहार योजना के अन्तर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रादेशिक ट्रस्ट श्री महेश सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रदेश के दो लाख रूपये तक के वार्षिक आय वाले 18 परिवारों को 3000 /- रुपए की उपहार राशि भेजी गई। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व होली पर 2000/- रुपए की उपहार राशि भेजी गई थी। उक्त जानकारी अनिल झंवर कोषाध्यक्ष श्री महेश सेवा ट्रस्ट ने दी।




श्री
जावंधिया

"विश्वास ही जहाँ परम्परा है"

RICE

SUGAR

POWER

ETHANOL

SANITIZER

REAL ESTATE

GRAIN TRADING

## जावंधिया समूह

ठैनी बनखेड़ी जिला होशंगाबाद मप्र

Email id - ramdevsugar@gmail.com

Phone no. - 07576-228788
07576-228888




## पैतृक उद्योग को दी शिखर की ऊँचाई

# शैलैष राठी

**आनन्द (गुजरात) निवासी युवा उद्यमी शैलैष राठी की पहचान उद्योग जगत में ऐसे युवा उद्यमी के रूप में है, जिन्होंने अपने पैतृक व्यवसाय को अपने कुशल प्रबंधन से शिखर तक पहुचाया। अपने पिता श्री श्यामसुन्दर राठी द्वारा स्थापित कम्पनी विद्या वायर्स प्रा.लि. की ख्याति सरहद के पार भी उसी तरह फैल रही है, जैसे देश के अन्दर है।**

टीम SMT







कोपर वायर्स के विभिन्न उत्पादन में विद्या वायर्स प्रा.लि. की एक विशिष्ट ख्याति है। इसकी शुरुआत अत्यंत लघु स्तर पर वर्ष 1982 में आनन्द निवासी युवा उद्यमी शैलैष राठी के पिता ख्याती प्राप्त उद्यमी व समाजसेवी श्री श्यामसुन्दर राठी ने की थी। इसमें एनामल्ड कॉपर वायर व स्ट्रीप्स तथा पेपर कवर्ड कॉपर वायर व स्ट्रीप्स का निर्माण होता है। वर्तमान में यह उद्योग कई और भी प्रोडक्ट का उत्पादन करता है। अब यह शैलैष राठी के कुशल प्रबंधन का नतीजा भी माना जा सकता है कि उनके नेतृत्व व पिता के मार्गदर्शन में यह उद्योग एक लघु स्वरूप से विशाल वटवृक्ष का सा रूप ले चुका है। देश के लगभग अधिकांश प्रतिष्ठित विद्युत मोटर, ट्रांसफार्मर तथा ऑटो मोबाइल्स के निर्माता विद्या वायर्स द्वारा बने उत्पादों का ही उपयोग करते हैं।

## उच्च शिक्षा के बाद भी पैतृक व्यवसाय

श्री राठी का जन्म 24 नवम्बर 1973 को नागौर (राजस्थान) में श्री श्यामसुन्दर व बृजलता राठी के यहाँ हुआ। अपनी कर्मभूमि आनन्द (गुजरात) से श्री राठी ने वर्ष 1995 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में B.E. (Electrical) की उपाधि प्राप्त की। आमतौर पर युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अच्छे वेतन वाली नौकरियों की ओर कदम बढ़ा लेते हैं लेकिन श्री राठी अपने पैतृक व्यवसाय को ही शिखर की ऊँचाई देने का संकल्प लेकर अपने पारिवारिक उद्योग से ही सम्बद्ध हो गये। कुछ ही वर्षों में पिता श्री श्यामसुन्दर राठी के साथ मिलकर अपने पारिवारिक उद्यम "विद्या वायर्स प्रा.लि." को काफी ऊँचे स्तर पर ले आये। उनके कुशल प्रबंधन, क्वालिटी मेनेजमेंट व कठिन परिश्रम के फलस्वरूप "विद्या वायर्स" ने एक विशिष्ट पहचान बना ली है। इलेक्ट्रिक वायर्स के क्षेत्र में विद्या वायर्स का नाम एक ब्रांड इमेज के साथ लिया जाता है। विदेशों में भी उनके उत्पादों की विशिष्ट प्रतिष्ठा है।

## कई जिम्मेदारी के साथ सम्मान

उद्योग क्षेत्र में एक्सपोर्ट को लेकर उन्हें कई बार सम्मानित किया गया। वर्ष 2011-12 से 2017-18 तक सतत रूप से इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा प्रतिवर्ष "नेशनल अवार्ड फॉर एक्सपोर्ट एक्सीलेंस" प्रदान किये गये। वर्ष 2018-19 में इसी संस्थान के वेस्ट रीजन द्वारा "गोल्ड मेडल अवार्ड फॉर एक्सपोर्ट" से सम्मानित किया गया। वर्ष 2013 में आयोजित कार्यक्रम "वायब्रेंट गुजरात" में श्री नरेन्द्र मोदी के हाथों "ग्लोबल बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड" से सम्मानित किया गया। 08 अक्टूबर 2013 को टीवी चेनल "ET NOW" द्वारा प्रसारित कार्यक्रम में श्री राठी को "लीडर्स ऑफ टूमारो अवार्ड" से सम्मानित किया गया। श्री राठी कई उद्योग संगठनों से सम्बद्ध होकर भी अपनी सेवा दे रहे हैं। इसके अंतर्गत "विठ्ठल उद्योग नगर इण्डस्ट्रीज ऐसोसिएशन आनन्द को मानद सचिव, बॉम्बे मेटल एक्सचेंज (गुजरात रीजन) को वाईस प्रेसीडेंट तथा वल्लभ विद्यानगर टाऊन क्लब को वाईस प्रेसीडेंट के रूप में सेवा दे रहे हैं। इनके साथ ही श्री राठी इंडियन इलेक्ट्रिकल एण्ड इंजीनियरिंग मेन्युफेक्चरिंग ऐसासिएशन (IEEMA) (वाईडिंग वायर्स डिविजन) के वाईस प्रेसिडेंट के रूप में भी सेवा दे रहे हैं।

## समाजसेवा को समर्पित पूरा परिवार

श्री राठी का पूरा परिवार ही समाज सेवा से जुड़ा हुआ है। पिता श्री श्यामसुन्दर राठी पिछले 15 सालों से अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के कार्यकारी मंडल के सदस्य हैं तथा वर्ष 2016 से 2022 तक महासभा के कार्य समिति सदस्य रह चुके हैं। शैलैष राठी का विवाह शिल्पा, सुपुत्री श्री निवास सोमानी, वैजापुर (महाराष्ट्र) से हुआ है। इनके परिवार में पुत्र माधव राठी हैं। इनकी माता श्रीमती बृजलता राठी भी आनन्द जिला माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष के रूप में सेवा दे चुकी हैं।






# पाठक करेंगें चयन

# माहेश्वरी ऑफ द ईयर-2023

**नववर्ष आगमन की पावन बेला में प्रतिवर्ष विशिष्ट सेवाओं के लिये समाज की विशिष्ट विभूतियों को ''माहेश्वरी ऑफ द ईयर'' अवार्ड से सम्मानित करना ''श्री माहेश्वरी टाईम्स'' की विशिष्ट परम्परा है। इसी श्रृंखला में वर्ष 2023 के लिये भी इस विशिष्ट सम्मान के लिये प्रविष्टियाँ आमंत्रित हैं। उनके चयन में आपके जैसे प्रबुद्ध पाठक निभाऐंगे अहम भूमिका।**

अपनीं परम्परानुसार श्री माहेश्वरी टाईम्स समाज की उन विभूतियों को नववर्ष में माहेश्वरी ऑफ ईयर २०२३ से सम्मानित करेगी, जिन्होंने किसी भी स्तर पर अपना विशिष्ट योगदान दिया है। यह सम्मान वास्तव में ऐसी विभूतियों की सेवाओं का सम्मान तो है ही, साथ ही इस अवसर पर ''श्री माहेश्वरी टाईम्स'' में प्रकाशित होने वाली उनकी सफलता की कहानी समाज की नई पीढ़ी को कुछ नया और कुछ हटकर करने की प्रेरणा भी देगी, जिस पर समाज व राष्ट्र गर्व कर सकें।

## कई क्षेत्रों के लिये सम्मान

श्री माहेश्वरी टाईम्स के प्रकाशन के साथ ही अवॉर्ड ''माहेश्वरी ऑफ द ईयर'' की गरिमामयी शुरुआत भी हुई थी। लगभग 19 वर्ष की सफलता की इस यात्रा में श्री माहेश्वरी टाईम्स समाज की कई शीर्षस्थ हस्तियों को इस सम्मान से सम्मानित कर चुकी है। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष एक ही विभूति को सम्मानित किया जाता था। इससे कई सेवा क्षेत्र की विभूतियाँ सम्मानित होने से वंचित रह जाती थीं। अतः प्रबुद्धजनों के परामर्शानुसार गत कुछ वर्ष वर्ष से इसके स्वरूप को और भी वृहद करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में पृथक-पृथक रूप से माहेश्वरी ऑफ द ईयर सम्मान दिया जाने लगा है। इसी शृंखला में विभिन्न क्षेत्रों की शीर्ष विभूतियों की सम्मानित किया जाऐगा।

## फैसला/निर्णय आपके हाथ

''श्री माहेश्वरी टाईम्स'' अपनी परम्परानुसार पाठकों से इस सम्मान के लिये प्रस्ताव आमंत्रित करती है। यदि आप समाज की किसी भी ऐसी हस्ती को जानते हैं जिन्होंने किसी भी कार्य क्षेत्र में अपनी विशिष्ट उपलब्धियों से समाज को गौरवान्वित किया है तो उनके नाम का प्रस्ताव संक्षिप्त जानकारी व संपर्क नम्बर के साथ प्रेषित करें। अपना यह प्रस्ताव आप ईमेल द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं। चयन समिति ऐसी विभूतियों में से माहेश्वरी ऑफ द ईयर 2023 अवॉर्ड के लिये प्रत्याशियों का चयन करेगी। ईमेल में माहेश्वरी ऑफ द ईयर 2023 लिखना न भूलें।

**संपर्क-**

**Email : smt4news@gmail.com**

॥ दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ ॥

# अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन

**त्रयोदश सत्र**

**घोष वाक्य-पर उपकार वचन मन काया**

**अंधकार को क्यों धिक्कारे, अच्छा है एक दीप जलाएं**
**आओ सब मिल दिवाली मनाये, तिमिर ग्रस्त है मानव जीवन**
**करें प्राण प्रदीप संजीवन, सेवा सुमनों से पुलकित मन**
**करें स्नेह सुधा आचमन, एक्य भाव से अनुप्राणित हो**
**मंजुल विश्वास की ज्योति जलाएं, आओ सब मिल दिवाली मनाये**



**मंजु बांगड़**
राष्ट्रीय अध्यक्ष



**ज्योति राठी**
राष्ट्रीय महामंत्री



**किरण लड्डा**
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष



**ममता मोदानी**
राष्ट्रीय संगठन मंत्री

**आशा माहेश्वरी**
निवर्तमान अध्यक्ष

**रत्नीदेवी काबरा**
सत्र सरंक्षक

**पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**मनोरमा लड्ढा, लता लाहोटी, गीता मूंदड़ा, विमला साबू**
**शोभा सादानी, सुशीला काबरा, कल्पना गगडानी**

| पूर्वांचल | पश्चिमांचल | मध्यांचल | उत्तरांचल | दक्षिणांचल |
|---|---|---|---|---|
| **गिरिजा सारडा** (उपाध्यक्ष) | **मधु बाहेती** (उपाध्यक्ष) | **उर्मिला कलंत्री** (उपाध्यक्ष) | **मंजु मानधना** (उपाध्यक्ष) | **अनुसया मालू** (उपाध्यक्ष) |
| **निशा लड्ढा** (संयुक्त मंत्री) | **शिखा भदादा** (संयुक्त मंत्री) | **अनीता जावंदिया** (संयुक्त मंत्री) | **मंजु हरकुट** (संयुक्त मंत्री) | **रेनू सारडा** (संयुक्त मंत्री) |

**प्रीति तोषनीवाल (कार्यालय मंत्री)**

**समस्त राष्ट्रीय समिति प्रभारी कार्यसमिति एवं कार्यकारी मंडल**



**विवाह मानव जीवन का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण संस्कार है। अतः वर-वधु के सुखद जीवन के लिये शुद्ध लग्न निकाले जाते हैं। जब शुद्ध लग्न नहीं निकल पाते तो शास्त्रों में ऐसी स्थितियों में सम्बंधित ग्रह की शांति के लिये पूजा का भी विधान है।**

## जब गुरू और सूर्य पूज्य हों तो करें

# पीली - सफेद पूजा



डॉ. महेशचंद्र शर्मा
जयपुर

विवाह मुहूर्त शोधन में जब कन्या के लिए गुरु पूज्य हो तो लोकभाषा में उसे 'पीलीपूजा' तथा वर के लिए सूर्य पूज्य होने पर 'सफेद पूजा' के नाम से जाना जाता है। गुरु और सूर्य की पूज्य स्थिति में विवाह करने पर इन ग्रहों से संबंधित दान-पूजा आदि करने से विवाह मुहूर्त शुभप्रद होता है। त्रिबल शुद्धि में वर, कन्या की राशि से वर्तमान में गतिशील गोचरीय गणना से तीन ग्रहों सूर्य, गुरु और चंद्रमा की शुभता का विचारकर मुहूर्त निकाला जाता है।

| ग्रह | शुभ | पूज्य | अशुभ |
|---|---|---|---|
| सूर्य | 3,6,10 एवं 11 | 1,2,5,7 एवं 9 | 4,8 एवं 12 |
| गुरु | 2,5,7,9 एवं 11 | 1,3,6 एवं 10,12 | 4,8 एवं 12 |
| चंद्रमा | 1,2,3,5,6,7, 9,10 एवं 11 | - | 4,8 एवं 12 |

**पीली पूजा-** गुरु की यह पूजा कन्या को लगती है। विवाह मुहूर्त शोधन में कन्याओं के लिए चंद्र एवं गुरु बल का विचार किया जाता है। कन्या की राशि से वर्तमान राशि में गतिशील गुरु यदि दूसरे, पांचवे, सातवें, नौवें या ग्यारहवें स्थान पर हो तो शुभ होता है। परन्तु पहले, तीसरे, छठे या दशवें स्थान पर गुरु पूज्य होगा। परिस्थितिवश यदि पीली पूजा (पूज्य गुरु) में विवाह करें तो गुरु से संबंधित दान-पूजादि करने से विवाह शुभप्रद होगा। गोचरीय भ्रमण वर्ष वर्तमान में मेष राशि में गतिशील गुरु के कारण मीन, धनु, तुला, सिंह और मिथुन राशि की कन्याओं के लिए विवाह मुहूर्त्त श्रेष्ठ रहेंगे। मेष, कुंभ, वृश्चिक और कर्क राशि की कन्याओं के लिए गुरु पूज्य होने के कारण गुरु से संबंधित दान-जपादि (पीली पूजा) कराने से विवाह मुहूर्त शुभ होगा। मकर, कन्या और वृष राशि की कन्याओं के लिए मेष का गुरु क्रमशः 4-8-12वें स्थान में होने के कारण अशुभ है, अतः अबूझ मुहूर्त्त में इनका विवाह करना शास्त्र सम्मत है।

**उपाय-** पीली पूजा में गुरु ग्रह की पूजा-दान आदि कन्या स्वयं करे अथवा योग्य ब्राह्मण या अपने गुरु से विवाह से पूर्व निम्न प्रकार करवाये-

- गुरु मंत्र ''ॐ बृं बृहस्पतये नमः'' की 11 माला का जप करें, इसी मंत्र से 108 बार आहुतियां दें। हवन में गूलर और पीपल की समिधा का प्रयोग करें।
- अपने गुरु या ब्राह्मण को बेसन के लड्डू युक्त भोजन करायें, केले खिलायें तथा पीले वस्त्र व धार्मिक पुस्तकें दानकर सम्मानित करें।
- चने की दाल, पीले फूल, हल्दी और केसर को पीले वस्त्र में बांध कर कन्या के सिर से उतारें और उसे किसी ब्राह्मण को दान कर दें।
- गुरु ग्रह से संबंधित वस्तुओं यथा- शर्करा, शहद, घृत, हल्दी, पीतवस्त्र, पीत धान्य, शास्त्र-पुस्तक, नमक, पीतपुष्प, केसर आदि का दान करें।

**सफेद पूजा-** यह पूजा वर के लिए मान्य होती है। विवाह मुहूर्त शोधन में वर के लिए सूर्य बल का विशेष विचार किया जाता है। वर की राशि से वर्तमान राशि में गतिशील सूर्य यदि तीसरे, छठे, दसवें या ग्यारहवें स्थान पर हो तो शुभ होता है। परन्तु पहले, दूसरे, पांचवे, सातवें या नवें स्थान पर रहते सूर्य पूज्य होता है। यदि सफेद पूजा (पूज्य सूर्य) में विवाह करें तो सूर्य ग्रह से संबंधित दान-पूजादि कर लेने चाहिए।

**उपाय-** सफेद पूजा में सूर्य ग्रह की पूजा दान आदि वर स्वयं करे अथवा योग्य ब्राह्मण या अपने गुरु से विवाह से पूर्व निम्न प्रकार करवाये-

- सूर्यमंत्र ''ॐ घृणिः सूर्यायः नमः'' की 11 माला का जप करें और आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ करें। इसी मंत्र से 108 बार और आदित्य हृदय स्त्रोत के मंत्रों से आहुतियां दें। हवन में आक और पीपल की समिधा का प्रयोग करें।
- ब्राह्मण को गेहूं के आटे से बने लड्डू या हलवा सहित बिना नमक के प्रयोग का भोजन करायें।
- लाल वस्त्र, गाजर, अनार, सेब, गुड़, गेहूं, लाल चंदन, अनाज, तांबे का लोटा आदि सूर्य से संबंधित वस्तुओं का दान करें।

वर के लिए सूर्य और चंद्रमा एवं कन्या के लिए गुरु और चंद्रमा चौथे, आठवें या बारहवें स्थान में हो तो विवाह नहीं करना चाहिए। कुछ शास्त्रकार पुरुष के लिए बारहवें चंद्रमा को शुभ मानते हैं। चंद्रमा के अशुभ होने पर अबूझ मुहूर्त जैसे-आखातीज, भड्डली नवमीं, देवउठनी एकादशी, फूलेरा दूज आदि में विवाह करना शास्त्र सम्मत है।

IS:1786

CM/L - 6943589

# GBR TMT

THE STRENGTH WITHIN

www.gbrmetals.com

## Manufacturers of High quality MS Billets and TMT Bars




**Works:**
#295, G.N.T Road,
Peravallur Village,
Ponneri Taluk - 601 206
Tamil Nadu
Website: www.gbrmetals.com

**Registered Office:**
#4, Ramanan Road,
Chennai - 600 079
Tamil Nadu
Ph: +91 44 25292151
E-mail: sales@gbrmetals.com

**वर्तमान दौर में जब आधुनिक पीढ़ी नयी सोच के साथ चल रही है, तो ऐसे में त्यौहार मनाने के परंपरागत रूप में भी परिवर्तन आता जा रहा है। वे इसे और अधिक मनोरंजक स्वरूप देने में जुटे हुए हैं, जिससे उनकी रुचि त्यौंहारों के प्रति बनी रहे। ऐसे में यह विचारणीय हो गया है कि क्या परम्परागत पर्वों के स्वरूप में यह परिवर्तन उचित है?**



# चिंतन का विषय है त्यौहार मनाने में आया बदलाव

त्रिभुवन काबरा ( भाईजी )
वडोदरा

हमारे जीवन में उत्सव का विशेष महत्त्व है, जिसे हम पर्व-त्योहार के रूप में मनाते हैं। इससे जीवन में उमंग-उत्साह, प्रसन्नता एवं नई स्फूर्ति आती है। यह हमारे जीवन को रोशनी एवं रंगों से भरकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करते हैं, जागृति लाते हैं। पर्व-त्योहार के अवसर पर हमारा जीवन आनंदमय बन जाता है। इसलिए मानव जीवन में पर्व-त्योहारों का विशेष महत्त्व है। पर्व-त्यौहार विभिन्न प्रकार का मनोरंजन, उल्लास एवं आनंद प्रदान कर जीवन-चक्र को सरस बनाते हैं। पर्व युगों से चली आ रही सांस्कृतिक परम्पराओं, प्रथाओं, मान्यताओं, विश्वासों, आदर्शों, नैतिक, धार्मिक तथा सामाजिक मूल्यों का प्रतिबिम्ब हैं। इसीलिए त्यौहारों की व्यवस्था समाज-कल्याण एवं सुख-समृद्धि के लिए हुई है।

### सीधे मेल-मिलाप में कमी

पहले के दौर में जब मोबाइल नहीं था, तब पर्व-त्यौहारों के अवसर पर लोगों का उपहार एवं मिठाइयां लेकर आपस में मिलना-जुलना होता था, जिससे रिश्तों में मिठास और संवाद का सिलसिला चलता रहता था। लोग एक-दूसरे के दुख-दर्द एवं भावना को समझते थे। साथ ही समस्याओं के निपटारे के लिए प्रयास करते थे। अब मोबाइल के आगमन के बाद बातें तो काफी हो रही हैं, लेकिन दिलों के बीच की दूरियां काफी बढ़ रही हैं। लोगों के बीच उचित संवाद एवं आत्मीयता नहीं बन पा रही है और रिश्तों की बुनियाद कमजोर पड़ती जा रही है, क्योंकि हम प्रत्यक्ष रूप से मिलने नहीं जाते, केवल शुभकामना मैसेज व इमोजी भेज देते हैं। पहले पर्व-त्योहारों के अवसर पर रिश्तेदारों के यहाँ आने-जाने से रिश्ता मधुर बना रहता था, परन्तु वर्तमान परिवेश में व्यक्तिगत रूप से पर्व-त्यौहार, उत्सव मनाने से रिश्तों का दायरा सिमटते जा रहे हैं, यह एक चिंतनीय विषय है।

### भावना की जगह तकनीक

हम सबको व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक कारणों से बाहरी दुनिया से जुड़े रहने के लिए मोबाइल फोन की आवश्यकता है। हम सब मोबाइल के साथ रहना पसंद करते हैं, परन्तु परिवार में आजकल आमने-सामने बैठ कर बातें करना भी कम हो गया है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चे भी ज्यादातर मोबाइल की दुनिया में ही व्यस्त रहते हैं, जिससे आपसी संवाद कम होता जा रहा है। बच्चे को परिवार में सबसे पहले संस्कार दिया जाता था, अब बच्चे के हाथ में मोबाइल थमाया जाता है। अब माता-पिता के पास न तो बैठने का समय है और न ही उनसे कुछ सीखने की आवश्यकता है। बच्चे भावनात्मक रूप से रोबोट बनते जा रहे हैं। इस कारण बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान दिखने लगे हैं, जबकि एक समय कैरमबोर्ड, लुडो, लंगड़ी, लुका-छुपी जैसे खेल अधिक प्रचलन में थे, जिससे बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी स्वस्थ्य रहते थे। पिछले कुछ वर्षों में आधुनिकता इस कदर हावी हो गई है कि अब पर्व-त्यौहारों पर स्कूल की छुट्टियों में भी बच्चे ननिहाल नहीं जाते हैं। ननिहाल का वह आंगन, बाग-बगीचों में गुल्ली डंडा, लुका-छुपी समेत कैरम, लुडो आदि खेल खत्म हो गए हैं। पारंपरिक खेल के प्रति आज के युवाओं में रुझान कम है। यदि समय रहते समाज और सरकार ने उचित कार्रवाई नहीं की तो नई पीढ़ी संस्कार विहीन हो जाएगी।

With Best Compliments From

Praveen Malpani
9392242265

Umesh Kabra
9966293427

BALAJI TRADE CONCERN

Deals In All Types of Nuts & Bolts, Threading Rods, Screws, Washers Etc. Iron & Steel And General Industrial Suppliers

Shop No. 4-4-193/A,Ground Floor, Near Lala Temple,
Hill Street, Ranigunj, Secunderabad-500 003.
Phone : 66338322, Fax : 040-277712551

E-mail : sales@btconcern.com, Website : www.btconcern.com

दीपावली के पावन पर्व पर
सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं



श्रीकांत भूतड़ा
मो.94141-52776

# रामकुमार भूतड़ा

अध्यक्ष - श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर
मो. 9414153043, 98285-53

अमित भूतड़ा
मो.94144-15579

# कमला ग्रेनाईट इण्डस्ट्रीज

जी-101, रिक्को इण्डस्ट्रीयल एरिया तृतीया चरण, जालौर (राजस्थान)
फोन-02973-223956, 224043 फैक्स- 02973-225376

## सहयोगी प्रतिष्ठान

**श्रीकान्त ग्रेनाईट्स**
जी-100, रिक्को इण्ड.एरिया
तृतीया चरण,जालौर
फोन -02973-224043,
मो.9414152776

**आर.के. ग्रेनाईट्स**
जयपुर बाईपास रोड,
मदनगंज-किशनगढ़
फोन -01463-250530
मो.9829180971

**आर.के. ग्रेनाईट्स**
जी-98-99, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण, जालौर
फोन-02973-225376, 225377
मो. 9414415579

सेवा त्याग सदाचार

**दिग्विजय ग्रेनाईट्स**
जी-221, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण,जालौर
फोन-02973-225088,
224198



शिवनारायण मूंधड़ा
'वास्तु मित्र'
94252-02721

**योग मुद्रा हर अवस्था में आसानी से लाभ प्रदान कर सकती है। इनकी श्रृंखला में प्रस्तुत है, वाक् शक्ति को बढ़ाने वाली शंख मुद्रा।**

## अंतर्मन को खोलती
# शंख मुद्रा



शब्द शक्ति और वाक् शक्ति बढ़ाने के लिए शंख मुद्रा अद्भुत क्षमता प्रदान करती है। वक्ताओं और शिक्षकों के लिए अत्यन्त लाभकारी है। सभी प्रकार के गले के रोग, पाचन तंत्र के रोग, स्वर तंत्र के रोग एवं थायरायड ग्रंथि के रोगों में इस मुद्रा को दिन में तीन बार 15-15 मिनट तक करना चाहिये। यह मुद्रा पूजा में भी उपयुक्त है।

**कैसे करें:** बाएं हाथ के अंगूठे को दाएं हाथ की मुट्ठी में बंद कर लें एवं दाएं हाथ के अंगूठे को बाएं हाथ की तर्जनी या सबसे बड़ी मध्यमा उंगली के अग्रभाग से मिलाएं। बाएं हाथ की चारों उंगलियां आपस में मिलाकर रखें। दोनों हाथों को इस प्रकार मिलाने से शंख जैसी स्थिति बन जाती है। इसी प्रकार दूसरे हाथ से भी कर सकते हैं। इस मुद्रा को करने से पहले अथवा साथ ही 'ओम' शब्द का कुछ देर के लिये उच्चारण करें और बाद में इस ध्वनि को अपने भीतर महसूस करें। इसका अभ्यास लंबे समय तक किया जा सकता है।

**लाभः**

- जैसे शंखनाद से मंदिरों में भगवान के कपाट खोले जाते हैं, इसी प्रकार इस मुद्रा के करने से हम अपने भीतर के कपाट भी खोल सकते हैं।
- इस मुद्रा का गले पर और गले में स्थित अन्य ग्रंथियों पर प्रभाव पड़ता है। गले के रोग दूर होते हैं।
- स्वर तन्तु ठीक होते हैं। वाणी मधुर एवं सुरीली बनती है।
- वाक् शक्ति बढ़ती है।
- टान्सिल ठीक होते हैं तथा थायरायड तथा पैरा थायरायड ग्रन्थियां प्रभावित होती हैं। इन ग्रंथियों के ठीक काम करने से चयापचय क्रिया (METABOLISM) प्रभावित होती है।
- चयापचय क्रिया ठीक होने से नाभि एवं नाभि के आसपास के सभी अंग प्रभाव में आते हैं।
- मणिपुर चक्र, जो हमारे स्नायु तन्त्र की 72 हजार नस नाड़ियों का शक्ति केन्द्र है- प्रभाव में आता है और पाचन क्रिया ठीक होती है। आंते मुलायम होती हैं और भूख अच्छी लगती है। पेट के निचले भाग पर इस मुद्रा का विशेष प्रभाव है और इस भाग के समस्त विकार दूर होते हैं।
- इस मुद्रा से शरीर में पांचों तत्वों का संतुलन होता है और स्नायु तन्त्र मजबूत होता है।

**विशेष :** शंख मुद्रा के साथ अथवा अलग से नित्य प्रतिदिन केवल पांच मिनट के लिये उज्जायी प्राणायाम और सिंहासन कर लिया जाये तो जीवन भर गले के रोग नहीं होंगे, वाणी के सभी दोष दूर होंगे तथा थायराइड ग्रंथि सदैव ठीक रहेगी।

**सावधानी :**यदि इस मुद्रा के अभ्यास से कमजोरी महसूस हो अथवा मोटापा आये, तो इसे न करें।

श्री महेश सेवा समिति
रजि.नं.1710/अम.
80 G (5) iii
महेश भवन
बड़नेरा रोड, अमरावती

नेशनल हायवे पर स्थित
महेश भवन

▸▸ 37 रूम वातानुकूलित
▸▸ 2 हॉल 5000 वर्ग फि.के
▸▸ लॉन तथा रेस्टॉरेंट सुविधा

नवनिर्मित प्रकल्प
ज्येष्ठ नागरिकों के उर्वरित सुखमय जीवन के लिये
'सुकून' (जीवन संध्यालय)
▸▸ चार मंजिला ईमारत ▸▸ मंदिर
▸▸ वातानुकूलित डबलबेड ▸▸ डॉक्टर कक्ष
▸▸ 40 रूम्स ▸▸ वाचनालय
▸▸ सभागृह


अन्य कार्यरत योजनाएँ
▸▸शल्यक्रिया सहायता ▸▸वैद्यकीय सहायता ▸▸शैक्षणिक सहायता ▸▸छात्रवृत्ति ▸▸निराधार आर्थिक सहायता


अॅड. आर बी अटल, अध्यक्ष, 9422158450
डॉ. सत्यनारायण कासट, उपाध्यक्ष
प्रवीण चाण्डक, सचिव, 9423462694
डॉ. आर बी सिकची, सह-सचिव
विठ्ठलदास जाजू, कोषाध्यक्ष
एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य

*With Best Compliments from...*



Sri Arun Laddha
Director

JRL GROUP
Creating Wealth
Preserving Values



Sri Jodh Raj Laddha
Chairman

# J. R. Laddha Financial Services Pvt. Ltd.

**The Trusted Corporate Financial Advisor For Last Four Decades**

- Wealth Management
- Corporate Finance
- Investment Banking

Our focus has always been on twin aspects of preserving Values in business and creating wealth for our customers.

**Corporate Office**

5th Floor, Nehru Center, Worli, Dr. Annie Basant Road, Mumbai - 400 018
Ph.:(022) 4025 9000 Fax: +91 22 4025 9001

**Registered Office**

"Everest House", 8th Floor, 46C, Jawaharlal Nehru Road, Kolkata 700 071 Ph.:(033) 2288 2990/91/93 Fax: +91 33 2288 2994

**BRANCH OFFICE : NEW DELHI**

info@jrladdha.in • www.jrladdha.in

स्थापित : 1969 ॥ जय महेश ॥ ॥ जय श्री राम ॥ पंजीबद्ध संस्था

## पंच-दिवसीय दीपोत्सव की शुभकामनाएं



# श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन

प्रधान कार्यालय :- महेश मार्ग, पुष्कर - 305022 (राजस्थान)

फोन : 0145-2772038, 2772546 मो. 8769646438

Email : abmsevasadan@gmail.com Website : www.maheshwarisevasadan.com / www.abmssp.com



**सभी समाजबन्धुओं को**
**अयोध्या में सेवा-सदन**
**हेतु भव्य भूखण्ड**
**के पंजीयन**
**की**
**हार्दिक बधाई**



महेश मार्ग, रमणरेती रोड,
वृन्दावन-281124 (उत्तरप्रदेश)
फोन : 0565-2540421, मो. 6398836253

दूधाधारी मंदिर के सामने, ऋषिकेश रोड,
हरिद्वार-249401 (उत्तराखण्ड)
फोन : 01334-261636, 261141 मो. 9897125873

बस स्टेण्ड के पास,
बद्रीनाथ-246422 (उत्तराखण्ड)
मो. 9897125873

नाथूवास रोड, नाथद्वारा-313301
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02953-232301, 231379 , मो. 7297933441

केलवाड़ा रोड़, चारभुजा-गढ़बोर-313333
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02954-248200, मो. 9116361993

पोकरण रोड़, रामदेवरा-345023
जिला-जैसलमेर (राजस्थान)

परिक्रमा मार्ग, मुखारविन्द के पास, जतीपुरा-281502
वाया-गोवर्धन,जिला-मथुरा (उ.प्र.)

प्लॉट नं. 7-8, रामसुख नगर, क्यूरियो क्राफ्ट रोड़ नं. 11
के पास, एम्स रोड़, बासनी, जोधपुर (राज.)
फोन : 0291-2744688, 2744588

**सेवा सदन के सभी भवनों में शुद्ध सात्विक भोजन तथा वातानुकूलित, डीलक्स एंव कूलर-युक्त कमरें, डोरमैट्री एवं सभागार की सुविधाएं उपलब्ध है।**

### -: निर्माणाधीन :-

सर्वे नं. 48,
मखमलाबाद परिसर, रांका स्क्वेयर के आगे,
पंचवटी, नाशिक (महाराष्ट्र)

200 फीट बाईपास,
जगद्‌गुरु कृपालुजी महाराज के आश्रम के सामने,
जगन्नाथपुरी (उड़ीसा)

## दशरथ कुण्ड के पास, पुराना परिक्रमा मार्ग, अयोध्या (उ.प्र.)

### -: शुभेच्छु :-

| रामकुमार भूतड़ा | कैलाश सोनी | रमेशचन्द्र छापरवाल | मनोहरलाल पुंगलिया |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | महामंत्री | कोषाध्यक्ष |

**उपाध्यक्ष :** प्रहलाद शाह राठी, अनिलकुमार बांगड़, जयकिशन बल्दुवा, शंकरलाल बाहेती, विजयशंकर मूंदड़ा

**मंत्री :** सोहनलाल मून्दड़ा, मुरलीधर झंवर, श्रीभगवान बंग, संजयकुमार जैथलिया, किशनगोपाल बंग

| भागीरथ भूतड़ा | मधुसुदन मालू |
|---|---|
| प्रचार मंत्री | कार्यालय मंत्री |

एवं समस्त कार्यकारिणी समिति सदस्य, मार्गदर्शकगण तथा विशेष आमंत्रित सदस्यगण

**श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर**

**स्थानीय सामाजिक संगठन समय-समय पर समाज के लिए सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आदि कार्यक्रम करते रहते हैं, जिससे निश्चित ही समाज के बंधुओं में आपसी मेलजोल और एकता बढ़ती है। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं का अथक प्रयास भी काबिल-ऐ-तारीफ होता है। इसके अतिरिक्त समाजोत्तर सेवा, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी इन संगठनों द्वारा होता रहता है। इस पर भी प्रश्न उठता है कि क्या यह उचित है? कार्यक्रम की सफलता के साथ उसकी खामियां भी कार्यकर्ताओं के सर मढ़ दी जाती है। आर्थिक सहयोग के लिए धनाढयों को सदा ही आरक्षित मान लिया जाता है पर धनाढयों के साथ-साथ समाज के सामान्य बंधुओं को भी थोड़ा-बहुत तो वहन करना ही पड़ता है। ऐसे में यह विचारणीय हो गयाा है कि क्या समाज संगठनों की गतिविधियाँ सिर्फ समाज तक सीमित होना चाहिये? क्या समाज संगठनों द्वारा अन्य सेवा, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना उचित हैं या अनुचित? आइये जानें इस स्तम्भ की प्रभारी सुमिता मूंदड़ा से उनके तथा समाज के प्रबुद्धजनों के विचार।**

# समाज संगठनों द्वारा अन्य सेवा धार्मिक, सांस्कृतिक आदि कार्यक्रम करना उचित अथवा अनुचित



## सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग स्वैच्छिक हो

स्थानीय सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न प्रकार के सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन समाज को संगठित करने की दिशा में सकारात्मक भूमिका ही नहीं निभाते बल्कि यह आयोजन ही एक कड़ी बनकर पीढ़ियों को आपस में जोड़ते हैं और अपनी सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आरंभ से अंत तक समाज के कार्यकर्ताओं का निःस्वार्थ प्रयास काबिले तारीफ होता है। कार्यक्रम पारिवारिक हो अथवा सामाजिक; उस कार्यक्रम की खामियां और खूबियां परखने में सबका अपना-अपना अलग-अलग नजरिया होता है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का आगे बढ़कर समाज के लिए कार्यक्रम आयोजित करना भी छोटी बात नहीं है। पर कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए हर बिंदुओं से रूपरेखा बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। सिर्फ सकारात्मक ही नहीं नकारात्मक पहलुओं पर भी विचारमंथन कर उनका समाधान सोच लेना चाहिए। समाजजनों को यथाशक्ति तन अथवा धन से सहयोगी बनकर कार्यक्रम का हिस्सा बनने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के लिए आर्थिक सहयोग स्वैच्छिक हो तो श्रेयस्कर होगा। अन्यथा लोक दिखावे अथवा दबाब में आकर आर्थिक सहयोग देने वाले दानदाताओं के मन में सामाजिक कार्यक्रमों और कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान कम हो जाता है, जो उचित नहीं है। समाज के सम्पन्न वर्ग से हर बार आर्थिक सहयोग की अपेक्षा रखना अथवा निवेदन करना भी उचित नहीं है। साथ ही समाज के हर परिवार को यथाशक्ति स्वयं आगे आकर अपना आर्थिक योगदान देना चाहिए।

❒ **सुमिता मूंधड़ा**, मालेगांव



## सर्वथा उचित हैं ऐसे आयोजन

धर्म और संस्कृति समाज की आत्मा होते हैं इसलिए किसी भी सामाजिक संगठन द्वारा समय-समय पर सामाजिक, धार्मिक और नृत्य, गीत-संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना सर्वथा उचित है। इन आयोजनों के माध्यम से संस्कारों और परंपराओं का हस्तांतरण सहजता से नई पीढ़ी में किया जा सकता है तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठन से जोड़ा जा सकता है। यदि इन आयोजनों को सुव्यवस्थित कार्य-योजना और सूझबूझ के साथ किया जाये तो निश्चित रूप से ये ना केवल समाज की उभरती हुई प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करते हैं बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और मॉडर्निटी के नाम पर चल रहे बेढंगे फैशन ट्रेंड्स के खिलाफ भी सशक्त मैसेज दे सकते हैं। राम कथा, भागवत कथा, सुंदरकांड पाठ, राम-लीला, कृष्ण-लीला, गीता, महाभारत पर आधारित नाटकों के धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित करने से हमारे सामाजिक संगठन अपनी उपयोगिता एवं क्षमताओं को सिद्ध कर सकते हैं। सामाजिक संगठनों द्वारा सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने से समय, शक्ति एवं धन का अपव्यय नहीं होता है बल्कि इन कार्यक्रमों से वो संगठन अपनी पहुँच, दृष्टिकोण के दायरे का विस्तार कर सकते हैं। इस तरह संगठन संवेदनाओं के प्रवाह से जीवंत बना रह सकता है। किन्तु अक्सर ऐसे आयोजनों से पूर्व संगठन की कार्यकारिणी सम्भावित कठिनाइयों पर गम्भीरता से विचार नहीं करती और आनन फानन में कार्यक्रम का बीड़ा उठा लेती है। तभी कार्यक्रम के प्रति लोगों को शिकायतों का मौका मिलता है। इसलिये संगठन को पहले से व्यावहारिक धरातल पर सामने आने वाली कठिनाइयों, उपलब्ध सुविधाओं, फण्ड-कलेक्शन के तरीकों आदि के बारे में अच्छे से विचार कर लेना चाहिये और प्रत्येक परिवार से न्यूनतम सहयोग राशि अवश्य लेनी चाहिए ताकि ये कार्यक्रम केवल धन्नासेठों के चन्दे और एहसानों पर ही आश्रित ना रहें, वरन् समाज का प्रत्येक परिवार इसमें कुछ योगदान दे सके।

❒ **श्रीमती सुशीला सोनी**, जोधपुर (राजस्थान)



## क्षमतानुसार लें आर्थिक सहयोग

सामाजिक संगठनों द्वारा सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाना ही चाहिए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ही समाज में एक दूसरे का परिचय होता है । हमारा दायरा विस्तृत होता है। हमारी संस्कृति का ज्ञान होता है। हमारे धर्म की जानकारी मिलती है। समाज में जो प्रतिभा छुपी होती है उन्हें मंच मिलता है। उनकी सराहना से उन्हें प्रोत्साहन मिलता है और आगे बढ़ने का प्रयास होता है। कई संगठन कथा भागवत करवाते हैं जिससे हमारे धर्म का ज्ञान होता है। कई संगठन स्वास्थ्य शिविर, योग का आयोजन करवाते हैं जिससे समाज जन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हैं। कई आर्ट क्लासेस का आयोजन करवाते हैं जिससे कला के प्रति रुचि बढ़ती है और नई-नई विधाएं सीखने को मिलती है। कुल मिलाकर सामाजिक संगठनों द्वारा करवाए जाने वाले कार्यक्रम समाज को संगठित करते हैं। समाज को अच्छी दिशा देते हैं। समाज में कला साहित्य, धर्म, स्वास्थ्य के प्रति रुझान बढ़ते हैं। कुल मिलाकर समाज का सर्वांगीण विकास होता है। यदि हम इनका दूसरा पहलू देखें तो बिन अर्थ सब व्यर्थ के सिद्धांत पर पैसे के बगैर ये कार्यक्रम नहीं हो सकते। कार्यकर्ता अपने पास से तो कुछ करते नहीं, समाज से लेकर ही करते हैं। कुछ मजबूरी में देते हैं कुछ दिखावे के लिए जिससे उनका नाम हो। ये कार्यक्रम बंद तो नहीं होना चाहिए बस जो कुछ इनमें कमियां है उसे दूर कर इनका शुद्ध स्वरूप हो। आर्थिक भार जितनी परिवार की क्षमता हो, उतना ही दिया जाए। किसी से मजबूरी में नहीं लिया जाए।

❒ **आशा मानधन्या,** इंदौर



## संगठन के बिना आयोजन संभव नहीं

एक प्रसिद्ध कहावत है 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता'। उसी प्रकार एक व्यक्ति सामाजिक, धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रम आयोजित नहीं कर सकता। इसके लिए संगठन की आवश्यकता होती है। आज प्रत्येक समाज के स्थानीय, प्रादेशिक और भारतवर्षीय स्तर पर संगठन हैं। कई जगह अलग-अलग जाति के व्यक्तियों को एकजुट करते स्थानीय स्तर के संगठन भी हैं। किसी भी आयोजन के लिए धन और कार्यकर्ताओं की आवश्यकता होती है। इसके लिए संगठन होना जरूरी है। यह सही है मुख्य आयोजक चंद लोग ही होते हैं। पर उसमें आमजन की भी भागीदारी होती है। वह आर्थिक हो या श्रमदान। संगठन विभिन्न अवसरों पर कई तरह के आयोजन करता ही है। कई बार किसी विशेष परिस्थितियों में भी सामाजिक या सेवा के कार्य संगठन द्वारा ही किये जाते हैं, जैसे किसी प्राकृतिक या राष्ट्रीय आपदा के समय। एक महत्वपूर्ण तथ्य और है कि कोई भी सहयोगकर्ता संगठन होने पर ही सहयोग करता है क्योंकि उसमें धन की सदुपयोगिता और आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं की उपलब्धता में संशय नहीं रहता। इसके लिए मैं हमारे फरीदाबाद माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट का उल्लेख करना चाहूंगा। यहां प्रति 15 दिनों के अन्तराल पर 350 जरूरतमंद गर्भवती माताओं को सुपोषित आहार किट दी जाती है। प्रति वर्ष या कभी-कभी वर्ष में दो बार दिव्यांगजनों (करीब ८00-1000) को कृत्रिम हाथ पांव, व्हील चेयर, ट्राय साईकिल दी जाती है। ये सभी कार्यक्रम सहयोगकर्ताओं की मदद से सम्पन्न होते हैं। क्या बिना संगठन के यह सम्भव है? जहां तक कार्यकर्ताओं पर खामियां मढ़ने का सवाल है तो किसी भी आयोजन या सेवा कार्य का यश अपयश से चोली दामन का साथ है और सामाजिक या अन्य आयोजन में दोषारोपण वही व्यक्ति करता है, जिसे व्यक्तिगत तौर पर किसी तरह का लाभ ना मिला हो।

❒ **बिनोद बिहानी,** फरीदाबाद



## सामाजिकता के लिए संगठन जरूरी

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। अतः समाज के साथ उसका नाता जन्म से ही होता है। जिस समाज में उसको रहना है, जीवन बिताना है तो वहाँ के संगठन भी उसके व्यक्तित्व के विकास में योगदान देते हैं। सामाजिक संगठनों द्वारा समाज के विकास में जो भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, वह मनुष्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब एक दूसरे से मिलेंगे तभी तो कुछ सीखेंगे और मिलजुल कर ही सब आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम की असफलता का ठीकरा आयोजकों पर फोड़ना बहुत आसान है लेकिन किसी कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत समय देना पड़ता है।धन तो कोई भी दे देगा लेकिन संगठनों में समय की भी उतनी ही जरूरत है जितनी धन की। सामाजिक संगठन कोई कार्यक्रम ही नहीं करेंगे तो मनुष्य सामाजिक हो ही नहीं पाएगा और आजकल की युवा पीढ़ी तो वैसे ही स्वयं में ही सिमटी रहती है तो उनको जोड़ने का तो यह महत्वपूर्ण जरिया है। सामाजिक संगठन किसी भी समाज का हो वह उस समाज का दर्पण होता है।अपनी विरासत आने वाली पीढ़ी को सौंपने के लिए सामाजिक संगठनों का कार्यक्रम आयोजित करना उचित ही नहीं जरूरी भी है। एक और एक ग्यारह होता है यह कहावत संगठन साबित करते हैं। कई लोगों के विचारों से कुछ उद्देश्य प्रस्फुटित होता है व नव सर्जन होता है।

❒ **विनीता काबरा,** जयपुर



## दान लेना भी बुरा नही

आजकल हर व्यक्ति अपने जॉब, व्यवसाय, मित्र परिवार, छोटा सा घर परिवार इन बातों में इतना व्यस्त होता है कि किसी सामाजिक, सांस्कृतिक या धार्मिक कार्यक्रम में शरीक होने के लिए उसे समय ही नहीं मिलता। जो संगठन है उसमें भी गिने-चुने लोग भाग लेते हैं और कार्यक्रमों में कार्यकर्ता मिलना और उनसे काम करवाना बड़ी कठिन बात है। ऐसी स्थिति में अगर कोई संगठन सामाजिक काम करके, समाज को एक दूसरे की मदद करने और समाज में एकता लाने के लिए कार्यक्रम करता है, तो वह स्तुत्य है। हमारी धार्मिक आस्थायें भी कम होती जा रही हैं, जो एक दूसरे को धर्म रज्जू से बांधने का काम कर सकती हैं। धार्मिक और सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम से उनकी रुचि हिंदू धर्म में बढ़ेगी और प्राचीन संस्कृति कितनी प्रगत थी इसका युवक और बच्चों को ज्ञान होगा। आज के वातावरण में यह बहुत आवश्यक है। समाज में बहुत सी प्रतिभाएं होती हैं। उनको अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए किसी व्यासपीठ की जरूरत होती है । समाज अगर उन्हें यह व्यास पीठ देवे तो उनकी प्रगति होगी। साथ में समाज और देश की भी प्रगति होगी। जिसे अपने विचार रखने हैं तो वह भी इस माध्यम से किसी रूप में जैसे की भाषण, नाटक इत्यादि द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं. इसलिए बौद्धिक, आध्यात्मिक तथा सामाजिक सौख्य के लिए ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत है। पैसों का प्रश्न तो फीस या दानदाताओं से दान लेकर छुड़ाया जा सकता है। इसमें कोई बुरी बात नहीं; क्योंकि यह व्यक्तिगत नहीं, समाज का काम है।

❒ **डॉ. कमल अशोक काबरा**
मलकापुर, जिला बुलढाणा

''अंधकार'' पर ''प्रकाश'' की
विजय के पर्व

# दीपावली

की समस्त समाजजनों को हार्दिक-हार्दिक शुभ कामनाऐं

# सीतादेवी तोषनीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट

ट्रस्टी

**नेमीचन्द तोषनीवाल**

पूर्व अध्यक्ष
वृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहेश्वरी सभा

**मदनगोपाल माहेश्वरी**

**विष्णुगोपाल तोषनीवाल**

57-एल, बालीगंज सर्कुलर रोड, कोलकाता-700019
फोन- (नि.) 033-24614925, (कार्या.) 22682676
मो. 094332-77426

**भारतीय परिवारों में सरसों का तेल हमारी जीवन पद्धति का एक हिस्सा रहा है। यह तीखे स्वाद वाला तेल अपने आप में अनगिनत गुणों से भरपूर होता है। आइये जाने इसे क्यों मानते हैं, ''कई समस्याओं का एक हल''।**



कैलाशचंद्र लड्ढा
जोधपुर

# कई समस्याओ का एक हल
# सरसों का तेल



सरसों भारतीय रसोई का एक अहम हिस्सा है। सरसों के तेल और इसके दाने सदियों से भारतीय पकवानों का हिस्सा हैं। सरसों की पत्तियां भी बहुत फायदेमंद होती हैं। इस तेल को मालिश के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। इसकी मालिश से रक्त-संचार बढ़ता है, मांसपेशियां विकसित और मजबूत होती हैं, त्वचा की बनावट में सुधार होता है। बच्चों को भी सरसों के उबटन की मालिश की जाती है। सरसों का तेल जीवाणुरोधी होता है। यह खाने में पौष्टिक और बहुपयोगी है।

## क्यों है यह लाभदायक

सरसों के तेल में ओलिक एसिड और लीनोलिक एसिड पाया जाता है। यह फैटी एसिड होता है जो बालों के लिए फायदेमंद है। इनसे बालों की जड़ो को पोषण मिलता है। अगर आप इस तेल को हफ्ते में दो दिन इस्तेमाल करेंगे तो बाल झड़ना कम हो जाता है। दातों और मसूड़ों पर सरसों का तेल रगड़नें से वह मजबूत होते हैं। पायरिया के मरीजों के लिए भी यह फायदेमंद है। इसके अलावा यह सर्दी, जुखाम, सिरदर्द और शरीर के दर्द में भी बहुत फायदा देता है। सरसों के तेल में एलिल आइसोथियोसाइनेट के गुण मौजूद होते हैं। यह त्वचा विकारों के लिए सबसे अच्छे इलाज के रूप में काम करता है। साथ ही यह शरीर के किसी भी भाग में फंगस को बढ़ने से रोकता है। सरसों शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। यह शरीर को गर्माहट भी प्रदान करता है, अगर इसे ठंड में खाया जाए तो ठंड बिलकुल नहीं लगेगी। अगर आपको भूख नहीं लगती है तो अपने खाने को सरसों के तेल में बनाना शुरु कर दीजिए क्योंकि, यह तेल भूख बढ़ा कर शरीर में पाचन क्षमता को बढ़ाता है।

## त्वचा के लिये भी फायदेमंद

सरसों के तेल में विटामिन ई होता है। इसे त्वचा पर लगाने से सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाव होता है। साथ ही यह झाइयों और झुर्रियों से भी काफी हद तक राहत दिलाता है। सरसों के तेल से मालिश करनें से गठिया और जोड़ों का दर्द भी ठीक हो जाता है। गठिया के रोगी सरसों के तेल में कपूर मिलाकर मालिश करें तो फायदा होगा। सरसों का तेल खाने से कोरोनरी हार्ट डिज़ीज का खतरा भी थोड़ा कम हो जाता है। जिन लोगों की त्वचा रूखी-सूखी है, वे लोग अपने हाथ-पैरों में तेल लगाने के बाद पानी से स्नान कर लें। इससे त्वचा को पोषण मिलता है और त्वचा नम हो जाती है। सरसों के दानों को पीसकर लेप लगाने से किसी भी प्रकार की सूजन ठीक हो जाती है। सरसों के दानों को पीसकर शहद के साथ चाटने से कफ और खांसी समाप्त हो जाती है। सरसों के तेल को एक टॉनिक के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसका इस्तेमाल करने से यह शरीर की कार्य क्षमता बढ़ा कर शरीर की कमजोरी को एकदम दूर कर देता है।

**अस्वीकरण-** मैं अपने किसी भी हेल्थ मैसेज का 100% सही होने का दावा नहीं करता। इस टिप्स से काफी लोगों को फायदा हुआ है। कृपया आप किसी भी हेल्थ टिप्स का अपने ऊपर प्रयोग करने से पूर्व अपने वैद्य से राय लेवें।

लखानी परिवार,
मलकापुर
इंडियनऑयल
Trust of Generations
रचना गॅस ॲन्ड अप्लायसेंस
ईण्डेन डिस्ट्रब्युटर, लखानी इस्टेट, नांदुरा रोड, मलकापुर-443101
7276226952, 7276725525

ASHOK SOMANY

SOMANY IMPEX

*Stone that stnns*



ASHOK SOMANY

# M/s. ASHOK SOMANY & Co.

**Mining of Natural Stone & Tiles**

Khol House, Circular Road, Rewari-123401 (Hry) Vill-Kund, Distt-Rewari (Hry)
Tel. : 01274-225358, Mob. : 9812345677, Res.: 01274-260088, 260048
Email : accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com



AAKASH SOMANY

# SOMANY NATURAL STONES (I) Pvt. Ltd.

**All Kind of Natural Stone & Tiles**

Plot No.5, Delhi Rewari Road, Rewari-123401 (Hry)
Mobile : 9812345677, 9812028488
Email : mines@sonanyimpex.ind.in I Somanyimpex@gmail.com

# SOMANY IMPEX

**Exporter of All Kind of Natural Stoen & Tiles**

Khol House, Circular Road, Rewari-123401 (Hry) Unit-Khol Road, Vill-Kund, Distt-Rewari (Hry)
Tel. :01274-225358, Mob. : 9812028488, 9215689102
Email: accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com

# LAVISH SURFACES

**Manufacturing & Export of SPC Tiles**

Plot No. SP3-167, Ceramic, Glass & Engineered Stone Zone, Ghiloth Industrial Area, Ghiloth, Distt-Alwar, Rajasthan, Mob. : 9812028488
Email : aakash@lavishsurfaces.com I accounts@lavishsurfaces.com

# SOMANY (P.G.) INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT

**Running B.Tech & M. Techinfidderent Discilines of Engineering**

Near Delhi-Jaipur Highway No. 8, Beside 3 km, From Rewari City, Rewari (Hry) Tel. 01274-261239, 261781
Fax : 01274-261239, Mob. 9541069998
Email : info@sitmrewari.com I admin@sitmewari.com I accounts@sitmrewari.com

राह जिंदगी की...



प्रो. कल्पना गगडानी मुंबई



# सीनियर सिटीजन

माहेश्वरी टाईम्स का सीनियर सिटीजन विशेषांक मिला। अनेकों वृद्धों के जीवन को समझा। समाज के वयोवृद्धों की प्रगति और जीवनी पढ़ बहुत से विचार मन में कौंधने लगे। लगने लगा इस जीवन को जीना भी एक बहुत बड़ी कला है, स्वभाव के वे गुण जो बचपन और जवानी की विशेषता होते हैं वृद्धावस्था में शायद मानविक संताप का कारण भी बन सकते हैं। तो आइये समझें सुखद वृद्धावस्था के लिये चहेते सीनियर सिटीजन के लिये राह जिंदगी की आसान बनाने के लिये स्वभाव में किन-किन बदलावों की आवश्यकता है।

उत्साह जोश और अदम्य साहस बचपन और जवानी की निशानी है। ये सफलता की राह की वो सीढ़ियाँ हैं जिस पर चल कर आप जीवन सार्थक बना पाये हैं किंतु अब जरा समझिये; उत्साह और जोश को संजोने वाला शरीर कमजोर हो गया है। काम करने के घंटे अब साल पर साल कम होने लगे हैं, उत्साह में कुलाचे मारने वाला दिल अब जल्द ही उत्साह में घबराने लगता है। जोश के साथ जब शरीर तालमेल नहीं बैठा पाता तो डिप्रेशन परेशान करने लगता है। साहस कभी-कभी स्वास्थ के लिये जोखिम खड़ी कर देता है। अतः यह स्वीकार कर लेना ही समझदारी है कि इन गुणों पर अंकुश अपने आप लगा लेवें।

भविष्य के सुनहरे सपने देख-देख कर आपने ताजिंदगी वर्तमान को उन्नत किया, वह आपकी शक्ति बना, प्रेरणा का स्त्रोत बना परंतु अब अपने बीते हुए कल को जरा भी याद नहीं कीजिये। आने वाले कल के लिये तब आपका वर्तमान एक मजबूत सीढ़ी थी परंतु आज के लिये आपका बीता हुआ कल एक गहरी खाई बन सकता है। जिस मेहनत से सीढ़ी दर सीढ़ी ऊपर चढ़ते हुए आप एक गौरवशाली मुकाम पर पहुंचे हैं सीनियर सिटीजन होते ही एक दिन, एक झटके में वो ओहदा, वो मुकाम छिन जाता है। ''रिटायरमेंट'' एक अहसास तो है परंतु उसे सुखद बनाने के लिये एक जटिल मानसिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। उसे समझने के लिये बहुत धीर और गांभीर्य की जरूरत है। धीरे-धीरे ये खुशियाँ कैसे ढूंढे? इनके लिये बहुत पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है। बस अपनी जीवनचर्या में छोटे-छोटे परिवर्तन कर, दिलो-दिमाग से इसकी तैयारी कर अपने आपको इन्हें पाने का अवसर खुद ही बनाते रहें।


सुबह उठते ही आनंद उठाने के अवसर खोजते रहें। बिस्तर पर से उठते ही अपने आप से वायदा करें कि आप आज बहुत सारी खुशियाँ बटोरेंगे। चाय की चुस्कियों में, नहाने के पानी में, नाश्ते के स्वाद में, तैयार होकर आइने में, घर से स्कूल या ऑफिस के रास्ते में, दोस्तों की गपशप या संगीत की धुन में, स्कूल आफिस के यार दोस्तों में, गासिप, चाय या फिर काम को पूरा करने में, समय पर आने की खुशी, जल्द घर पहुंचने की खुशी, परिवार संग बतियाने की खुशी, टीवी प्रोग्राम देख ठहाके लगाने की खुशी। व्हाटसेप, इंसटा, रील में खुशी, अच्छा पढ़ने की खुशी, बाहर खाने की खुशी, अनजानों से मिलने की खुशी।

अपने हिस्से की खुशियाँ छोटी-छोटी खुशियाँ-अपने आप बटोरने की आदत बनाइयें। ये छोटी खुशियां ही राह जिंदगी की को बड़ा खुशनुमा बना देंगी।

हर दिन उस अहसास को गहराना होगा। आपकी उन्नति का बहुत बड़ा प्रेम आपकी वाकपटुता



www.rathi.com




ANANDRATHI

Call us on 1800 200 1002 / 1800 121 1003 or log on to www.rathi.com

**Anand Rathi Share & Stock Brokers Ltd. / AnandRathi Advisors Ltd.**
**Regd. Office:** Express Zone, A Wing, 9th Floor, Western Express Highway, Opposite Oberoi Mall, Goregaon (E). Mumbai - 400063. India. Tel: 022 6281 7000
BSE (Mem.ID.949) CM: INB011371557 FO: INF010676931 BSE CD: Exchange Regn. | NSE (Mem.ID.06769) CM: INB230676935 FO: INF230676935 CD: INE230676935 | MSE (Mem.ID.1014) CM: INB260676938 FO: INF260676938 CD: INE260676935 | DP- NSDL: IN-DP-NSDL-149-2000, CDSL: IN-DP-CDSL-04-99. | Research Analyst - INH000000834 | MCX: MCX/TCM/CORP/0525 Mem.ID.: ITCM8500 | NCDEX: NCDEX/TCM/CORP/0178 Mem.No.: TCM00147 | NCDEX SPOT: NCDEXSPOT/043/CO/08/10050 Mem.No.: 10050 | PMS: INP000000282 | MBD-INM000010478 | Investment Adviser: INA000000268 | AMFI: ARN-4478 is Registered under "Anand Rathi Share & Stock Brokers Ltd." | ARN-100284 is Registered under "AR Wealth Management Pvt. Ltd." | ARN-111569 is Registered under "AR Venture Fund management Pvt. Ltd." --We are a distributor of Mutual Fund. Anand Rathi Global Finance Limited is registered as NBFC Regn. No.: B-13.01682. Insurance is registered under "Anand Rathi Insurance Brokers Ltd." License No. 175. PMS registered under Anand Rathi Advisors Ltd. Insurance Products are distributed under Anand Rathi Insurance Brokers Ltd. PMS, PAS & Wealth Management are not offered in commodities segment. Commodities is registered under Anand Rathi Commodities Ltd. | *Anand Rathi Wealth Services Limited.

**Disclaimer:** Investment in securities market are subject to market risks, read all the related documents carefully before investing. Investments in Mutual Fund are subject to market risk, read all the related documents carefully before investing.

# आपणी बोली



- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर

## जीत रो अहंकार जीत सूं बुरो है हुकुम

खम्मा घणी सा हुकुम बात कर रियाँ हाँ... वर्ल्ड कप क्रिकेट री.... हुकुम फाइनल में भारतीय टीम री हार रे बाद अधिकतर लोग अपणी-अपणी निजी कुंठा जाहिर कर रियाँ है. कोई जाति रे आधार पर निशाणों करने खिलाड़ियों ने दोष दे रियाँ तो.... कोई स्टेडियम ने दोष देवे... तो कोई देश रे प्रधानमंत्री ने ही दोष देवण लाग ग्या ।

मित्रों... इण सबसूं बचों और हूँ सके तो ऐड़ा लोगा सूं दूरी बणा लो... हुकुम या सब लोग कुंठित हैं जो दिन-रात नकारात्मकता फैलाता रेहवें ।

भारतीय टीम री हार रे बहाने खुद री निजी कुंठा रो प्रदर्शन कर रियाँ हैं. हुकुम याणें ना तो खेल रा कोई मूलभूत सिद्धांतों सूं मतलब है और ना ही खेल भावना सूं..

टीम री हार रे बावजूद आपाणे भारतीय टीम पर गर्व हुवणो चईजे कि पूरे वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में भारतीय टीम रो शानदार प्रदर्शन रियो. भले ही आपा वर्ल्ड कप ना जीत पाया पर.... आपा इण वर्ल्ड कप में दूजे पायदान पर रियाँ और या भी कोई बड़ी सफलता सूं कम नहीं है। हार और जीत एक ही सिक्के रा दो पहलू हैं, गर्व हूवणों चहिजे पूरे टूर्नामेंट में भारतीय खिलाडियों ने बहुत शानदार खेल खेलियों। भारतीय खिलाड़ी अंत तक डटयोड़ा रियाँ हुकुम आपाणे उपविजेता रो उत्सव मनाणों चहिजै..

खेल में खेल रा भाव जिंदा रेहवें तो आनन्द आवें... अगर पूरे मैच में देखा तो.. रोहित री कप्तानी ने पूरे वर्ल्डकप में कमाल रों खेल प्रदर्शन कियो 11 मैच में 10 जीत, देशवासियों ने खुशियां सूं सरोबार कियो ।

भारत रा स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारत में पूरे विश्व कप में सर्वाधिक रन बणाया. या ही नहीं, विराट कोहली भी विश्वकप एडिशन में सबसूं ज्यादा रन बनावण वाळा सचिन तेंदुलकर रा रिकॉर्ड तोड़ने आगे निकळ गया.. मोहम्मद शमी इण विश्वकप में सबसूं ज्यादा विकेट लेवण वाळा गेंदबाज रियां ।

2023 वर्ल्डकप में पूरी टीम एक यूनिट री तरह खेली हार जीत तो हुवती रेहवें.. टीम इंडिया ने बधाईयां देश आप रे साथे है। हुकुम.. आपाने खिलाड़ियों रे वास्ते, वाणे सम्मान में कमी नहीं हुवणी चईजे.

आस्ट्रेलिया विश्व कप भले ही ले लियो पर... जिण तरह वे ट्रॉफी पर पावँ रखने विनों अनादर कियो... असभ्यता दिखाई इण हरकता सूं सच कहूं तो वे जीत ने भी हार ग्या..

***जीत रो अहंकार जीत सूं बुरो है हुकुम।***
***म्हने भारतीय क्रिकेट टीम माथे गर्व है आपने..?***



# मुलाहिजा फरमाइये



▸▸ *ज्योत्सना कोठारी*
*मेरठ*


- कुबूल है जिंदगी का हर तोहफ़ा
  मैंने ख्वाहिशों का नाम, बताना छोड़ दिया
- जो दिल के क़रीब हैं, वो मेरे अजीज़ है
  मैंने गैरों पे हक़, जताना छोड़ दिया
- जो समझ ही नहीं सकते दर्द मेरा
  मैंने उन्हें ज़ख्म, दिखाना छोड़ दिया
- जो गुजरती हैं दिल पे, हक़ीक़त हैं मेरी
  मैंने दिखावे के लिए, मुस्कुराना छोड़ दिया
- जो महसूस ही नहीं करते ज़रूरत मेरी
  मैंने उनका साथ, निभाना छोड़ दिया
- जो चाहतें है रहना बस नाराज़ मुझसे
  मैंने उन्हें बार-बार, मनाना छोड़ दिया
- जो मेरे अपने हैं, वो मिलेंगे ज़रूर मुझे
  मैंने बेवजह बंदिशे, लगाना छोड़ दिया

# कार्टून कौतुक



## खुश रहें - खुश रखें

# हर पल हमारे मन पर गंदगी जमती रहती है, इसे अच्छे विचारों से साफ करते रहना चाहिए



पं. विजयशंकर मेहता
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

**कहानी -** रामकृष्ण परमहंस बहुत अलग स्वभाव के संत थे। वे जो भी काम करते चिंता मुक्त होकर करते थे। बातचीत करते-करते रोने लगते, कभी खड़े होकर नाचने लगते, देवी की मूर्ति के सामने खड़े-खड़े बेहोश हो जाते थे।

परमहंसजी के शिष्य जानते थे कि उनके गुरु जो भी काम करेंगे, निराले ढंग से ही करेंगे, लेकिन वे एक काम बहुत डूबकर और ध्यान से करते थे, वह काम था अपना लोटा मांजने का।

परमहंसजी के पास एक लोटा था, जिसका उपयोग निजी कामों के लिए करते थे। वे इस लोटे को दिन में 3-4 बार मांजते थे। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद वे लोटा साफ करना भूलते नहीं थे। वे लोटे को साधारण ढंग से नहीं, बल्कि बहुत गहराई से रगड़-रगड़कर साफ करते थे। अंगूठे से लोटे को अंदर-बाहर से चमका देते थे।

शिष्य रोज ये काम करते हुए परमहंसजी को देखते थे। उन्हें आश्चर्य होता था कि परमहंसजी इस काम को इतना डूबकर क्यों करते हैं? लोटा तो कोई भी मांज सकता है, वे खुद ये काम इस तरह से क्यों करते हैं? एक दिन शिष्यों ने अपने गुरु से पूछा- 'आप लोटे को इतनी तन्मयता से क्यों धोते हैं? क्या इसके पीछे कोई राज है? क्या ये जादुई लोटा है?'

परमहंसजी ने मुस्कान के साथ कहा- 'सच बात है, ये जादुई लोटा है। मैं जब इस लोटे को साफ करता हूं तो ये मानकर करता हूं कि ये मेरा मन है। इस लोटे पर दिनभर में कई बार धूल जमती है, ठीक इसी तरह हमारे मन पर भी हर पल गंदगी जमा होती रहती है। इस लोटे को इतनी अच्छी तरह मांजता हूं तो ये मुझे सीख देता है कि हमारे मन को भी इसी तरह साफ करते रहना चाहिए। हर पल इस मन पर गंदगी जमती रहती है और अगर आप एक बार भी चूक गए तो ये मन आपसे गलत काम करवा लेगा।'

**सीख -** हमें अपने मन को हर पल बुराइयों से बचाना चाहिए। अगर मन साफ नहीं करेंगे तो ये हमसे गलत काम करवा लेगा। साफ-सफाई के काम से ये संदेश लेना चाहिए कि हमें शरीर को बाहर से ही नहीं, बल्कि अंदर से भी साफ रखना चाहिए।


**जल देवता**

वेद-पुराण-कुरान-बायबिल सहित सभी धर्मग्रन्थों ने भी कहा है- 'जल है तो कल है'। इन्हीं सन्दर्भों से सन्दर्भित **डॉ. विवेक चौरसिया** के जल पर केन्द्रित लेखों का संग्रह 'जल देवता'. जिनमें आप पायेंगे न सिर्फ भारतीय संस्कृति बल्कि सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारी है जल की महत्ता।



**Rs. 150/-** डाक खर्च सहित

**खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद**

55 के बाद की जिन्दगी सपनों का अन्त नहीं बल्कि उन्हें साकार करने का स्वर्णिम समय है. बस इसके लिए जरूरी है खूबसूरती से जीना कैसे जीएँ... इसी के सूत्र बताती है **डॉ. एच.एल. माहेश्वरी** की पुस्तक "खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद".



**Rs. 120/-** डाक खर्च सहित

आपसे कहा जाता है -
- संकट निवारण हेतु पानी में नारियल बहा दें।
- सांप दिखे तो काम टालें।
- नल को पानी टपकता न छोड़ें।

... और भी बहुत कुछ **तो फिर...**

**ऐसा क्यों?**
aisa kyon
जिसमें छुपा है आपके हर क्यों का जवाब



प्रश्न उठना स्वाभाविक है - **"ऐसा क्यों?"** लेकिन इसका उत्तर देगा कौन? **इसका उत्तर देगी गहन अध्ययन से संजोई पुस्तक**

**Rs. 100/-** डाक खर्च सहित

**ऋषिमुनि प्रकाशन**

90, विद्यानगर, सांवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) फोन - 0734-2526561, 2526761, मो. 094250-91161




## KHANA KHAZANA

# डबल डेकर टोस्टाडाज



**सामग्रीः** 2 कप मैदा, 4 छोटे चम्मच तेल, 2 छोटे चम्मच नमक, तलने के लिए तेल।

**भरावन के लिएः** एक कप राजमा, एक प्याज बारीक कटा हुआ, दो बड़े चम्मच टोमेटो केचप, दो बड़े चम्मच मक्खन, दो बड़े चम्मच तेल या घी, नमक स्वादानुसार।

**अन्य सामग्रीः** 10 से 12 चम्मच कसी हुई चीज, दो बड़े चम्मच खट्टे क्रीम, 6 छोटा चम्मच हॉट सॉस, 6 छोटा चम्मच ग्रीन सॉस, ऊपर से डालने के लिए एक बड़ा चम्मच हरे पत्ते वाला प्याज चाप किया हुआ, सालाद पत्ता बारीक कटा, हुआ गाजर, बंद गोभी चाप की हुई।

**विधिः** रोर्टीलाओ के लिए मैदा, गेहूं का आटा, तेल और नमक मिलाकर पानी डालकर गुथा हुआ आटा बनाएं। आटे की छोटी-छोटी पुरिया बेले, पुरिया को कांटे से हल्का सा गोद दे और मध्यम आंच पर कुरकुरा होने तक तल ले।

**भरावन के लिएः** राजमा को रात भर भिगोकर रखे। दूसरे दिन प्रेशर कुकर में पकाएं। पानी निकाल कर राजमा अलग कर दे। तेल गर्म करें प्याज डालकर एक मिनट तक भूने। फिर राजमा, टमाटर केचप, मक्खन और नमक डालें। 5 मिनट तक पकाएं। पके राजमा को हल्का सा स्मैश कर ले, एक बेकिंग डिश में एक टोर्टीली रखें और उसके ऊपर दो बड़े चम्मच भरावन का मिश्रण रखें। एक बड़ा चम्मच चीज फैलाएं। एक छोटा चम्मच हॉट सॉस और एक बड़ा चम्मच ग्रीन सॉस फैलाएं। ऊपर से दूसरा टोर्टी ला रखकर इसी तरीके से जमा दे।

इस प्रकार बाकी बचे हुए टोर्टीलाओं की अलग-अलग ढेरी बना ले। ग्रीन सॉस और हॉट सॉस फैलाएं उसके ऊपर से बाकी बची हुई चीज डालें ग्राम ओवन में 200 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान पर ग्रिल में रखकर चीज पिघलने तक सके, हरे पत्ते वाला चॉप्ड प्याज डालकर, सलाद पत्ता और गोभी चाप की हुई डालकर तुरंत सर्व करें।




शेफ पूनम राठी, नागपुर
विविधा कुकिंग क्लासेस
9970057423



देश के युवा वर्ग व लघु व्यवसायियों को सम्बल प्रदान कर रहे श्री आदित्य विक्रम बिरला मेमोरियल व्यापार सहयोग केंद्र के महामंत्री चैन्नई निवासी श्री कस्तुरचंद बाहेती नहीं रहे। श्री बाहेती के देहावसान पर केंद्र अध्यक्ष पद्मभूषण राजश्री बिरला, कार्याध्यक्ष पद्मश्री बंशीलाल राठी, संयुक्त मंत्री श्यामसुंदर काबरा, अर्थमंत्री आनंद राठी, कार्यकारी मंत्री नवल किशोर राठी सहित समस्त केंद्र पदाधिकारी, सदस्यों व गणमान्यजनों ने इसे संस्था, समाज व व्यक्तिगत क्षति निरूपित करते हुए श्री बाहेती को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## नहीं रहे आदित्य विक्रम बिरला केंद्र के महामंत्री

# श्री कस्तुरचंद बाहेती

श्री आदित्य विक्रम बिरला मेमोरियल व्यापार सहयोग केन्द्र के संस्थापक सदस्य एवं महामंत्री, अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व महामंत्री, समर्पित कार्यकर्ता, कर्मठ समाज सेवी एवं अनेक सामाजिक धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े श्री कस्तुरचन्द बाहेती का गत 13 नवम्बर को अकस्मात निधन हो गया। स्व. श्री बाहेती का केन्द्र योजना में शुरूवात से ही सक्रिय योगदान रहा है। उन्होंने समर्पित एवं निःस्वार्थ सेवा भाव से केन्द्र में लगातार करीब 25 वर्षों तक अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं। श्री आदित्य विक्रम बिरला मेमोरियल व्यापार सहयोग केंद्र को एक छोटे से पौधे से सेवा के वटवृक्ष का सा स्वरूप देने में स्व. श्री बाहेती की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आप अपने पीछे तीन पुत्र – कृष्णकुमार बाहेती, कीर्तिकुमार बाहेती व कपिलकुमार बाहेती एवं एक पुत्री-कविता बियाणी सहित पौत्र-पौत्री, नाती-नातिन आदि का भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। आपकी धर्मपत्नी सूरजदेवी भी महिला संगठन में संयुक्त मंत्री, उपाध्यक्ष तथा कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दे चुकी हैं।

### ऐसे बनी चैन्नई कर्मभूमि

स्व.श्री बाहेती का जन्म मलकापुर (विदर्भ) में 29 फरवरी 1940 को लीप वर्ष में हुआ था। आप महाराष्ट्र से चार्टड अकाउन्टन्ट एवं प्रबन्धन की शिक्षा पूर्ण कर सन् 1967 में मद्रास आये। आपने मद्रास में झँवर ग्रुप से जुड़कर विविध पदों पर कार्य किया। आप अनेक कम्पनी, उद्योग एवं प्रतिष्ठानों के सलाहकार रहे हैं। आपका चेन्नई एवं पांडिचेरी में निजी उद्योग है। समाज कार्यों में आपकी बचपन से ही रूचि रही है। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर स्कूल कॉलेज की गतिविधियों में भी आप सदैव सक्रिय रहे हैं।

### समाज को भी सक्रिय सेवा

आप सन् 1982 से माहेश्वरी सभा मद्रास से सक्रिय रूप से जुड़े रहे। आपके इस संस्था में उनके मंत्री कार्यकाल (सन् 1985) में मद्रास में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की कार्यकारी मंडल बैठक एवं सन् 1989 में स्वागत मंत्री के रूप में तिरूपति में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के अधिवेशन का सफल आयोजन हुआ। इसी अधिवेशन में आपका महासभा के संयुक्त मंत्री (दक्षिणांचल) के रूप में मनोनयन हुआ। आपने तमिलनाडु, केरल, पांडिचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष एवं मंत्री पद पर रहकर प्रादेशिक सभा को सुसंगठित एवं सुदृढ़ बनाने का कार्य किया। वर्ष 1998–2002 तक आप माहेश्वरी पत्रिका नागपुर के संचालक भी रहे। महासभा द्वारा स्थापित श्री आदित्य विक्रम बिड़ला मेमोरियल व्यापार सहयोग केन्द्र से स्थापना से अंत समय तक मंत्री के रूप में जुड़े रहे।



## श्रीमती पार्वतीबाई तोतला

**इंदौर।** समाजसेविका व नेत्रदानी श्रीमती पार्वतीबाई तोतला का 92 वर्ष की आयु में देहावसान गत 30 अक्टूबर को हो गया। आप पश्चिमी मध्य प्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, केंद्रीय निर्वाचन समिति के सदस्य महेश तोतला की माता व अ. भा. माहेश्वरी युवा संगठन के निर्वतमान राष्ट्रीय संगठन मंत्री, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अ. भा. माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य भरत तोतला की बड़ी माँ थीं। महासभा के पूर्व सभापति बंशीलाल राठी, रामपाल सोनी, निवर्तमान सभापति श्याम सोनी, सभापति सन्दीप काबरा, महामंत्री अजय काबरा, अर्थमंत्री राजकुमार काल्या, संगठन मंत्री प्रवीण सोमानी, निर्वाचन समिति के प्रकाश बाहेती आदि कई पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



## श्री रतनलाल बाहेती

**भीलवाड़ा।** रामेश्वर लाल बाहेती के अनुज भ्राता, अशोक कुमार (जिला अध्यक्ष भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा) केदार, सत्यनारायण, ओमप्रकाश के पिता श्री रतनलाल बाहेती (सुपुत्र स्वर्गीय श्री नाना लाल बाहेती) का स्वर्गवास गत 10 नवम्बर को हो गया है। आप अपने पीछे भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गये हैं।



## श्रीमती विमला देवी राठी

**नागपुर।** स्व. श्री गोपालदास राठी की धर्मपत्नी, प्रदीप राठी की माताजी एवं अंकित राठी की दादी, पूनम राठी की सासू माँ श्रीमती विमला देवी (किरन) राठी का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप अपने पीछे भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गई हैं।

LAL KITAB

# राशिफल संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
(ज्योतिर्विद)
फोन : 0734-2515326

## मेष

आपके लिए महीने का पूर्वार्ध चुनौती पूर्ण साबित होगा। यद्यपि आप मेहनत से काम करेंगे, लेकिन आपको उसका प्रतिफल उसी मात्रा में नहीं मिल पाएगा। आपकी योजनाएं जो लंबे समय से पेंडिंग है वह भी अभिक्रिया निर्मित नहीं हो पाएगी। विशेष कर 24 दिसंबर तक आपकी आर्थिक कोई नई योजना हो तो वह सफलतापूर्वक क्रियान्वित नहीं हो पाएगी। इस महीने आपको अपने परिजनों पर ना चाहते हुए भी अत्यधिक खर्च करना पड़ सकता है। आपका आध्यात्मिक रुझान अधिक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। विशेष कर घर के वृद्ध लोगों का स्नेह एवं सहयोग विशेष रूप से आपको मिलेगा। आपका कार्यक्षेत्र आपसे आवश्यकता से अधिक मेहनत की मांग करेगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से नींद की कमी आपके लिए कई परेशानी खड़ी कर सकती है।



## वृषभ

कॅरियर की दृष्टि से यह महीना आपके लिए अनुकूल रहेगा। यद्यपि समय आपसे निरंतर कार्य को जारी रखने की मांग करेगा तथा किसी भी चीज को पेंडिंग में डालने की आदत से बचने की मांग करेगा। स्वास्थ्य संबंधी खटपट बनी रहेगी, अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें। उचित आहार बिहार का पालन करें। जो जातक नौकरी के क्षेत्र में हैं उन्हें अकस्मात ट्रांसफर जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है तथा जो निजी क्षेत्र में हैं उन्हें कंपनी बदलनी पड़ सकती है। यदि पैतृक संपत्ति से संबंधित कोई विवाद लंबे समय से चल रहा हो तो इस महीने हल होने की संभावना है। इस महीने में आपको कफ से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं एवं माता जी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।



## मिथुन

आपके लिए यह महीना मिले-जुले परिणाम वाला रहेगा। कॅरियर के क्षेत्र में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है यद्यपि श्रम अत्यधिक करना पड़ेगा फिर भी सफलता मिलेगी। जो जातक नौकरी की तलाश में हैं उन्हें इस महीने सफलता मिल सकती है तथा जो जातक कार्य क्षेत्र बदलना चाहते हैं उन्हें भी सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से परिवार के लोगों पर धन अधिक व्यय होगा। बिजनेस करने वाले जातकों के लिए लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से महीना उत्तम रहेगा। दांपत्य जीवन में कुछ असहजता महसूस करेंगे।



## कर्क

कर्क राशि के जातकों को इस महीने पारिवारिक जीवन में कुछ तनाव मिल सकता है। खर्च बढ़ा हुआ रहेगा। पारिवारिक संपत्ति को लेकर विवाद खड़े हो सकते हैं। कार्यस्थल पर अत्यधिक कार्य का दबाव रहेगा। सहकर्मी कुछ विरोध करेंगे। व्यापारी वर्ग को प्रतिद्वंदी कड़ी टक्कर देंगे। व्यापार करने वाले जातकों को चाहिए कि इस महीने कोई नया काम करने से बचें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा एवं पारिवारिक जीवन चुनौती पूर्ण रहेगा।



## सिंह

सिंह राशि के जातकों को इस महीने अनुकूल एवं प्रतिकूल दोनों ही स्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए, विशेष तौर पर अपने सहयोगी एवं पार्टनरों से उत्पन्न परिस्थितियों के संदर्भ में। दांपत्य जीवन में कुछ मनमुटाव संभावित है, जीवनसाथी से बहस हो सकती है। जो जातक नौकरी करते हैं उन्हें अनुकूलता मिलेगी, जो जातक व्यापार व्यवसाय में हैं एवं साझेदारी के व्यापार में हैं उन्हें महीने के अंत में लाभ होगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से पाचन से संबंधित समस्याएं जैसे एसिडिटी, गैस, अनिद्रा इत्यादि परेशान कर सकते हैं, कृपया अपना आहार विहार संतुलित रखें।



## कन्या

कार्य क्षेत्र की दृष्टि से इस महीने आपको थोड़ा संघर्ष करना पड़ सकता है। इसके कारण कार्य स्थल पर आपके ऊपर अतिरिक्त काम का दबाव बढ़ेगा। साथ ही आपको अचानक आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। इस महीने आपके कार्यक्षेत्र में आपके सीनियर्स के कारण चुनौतियां उत्पन्न हो सकती है। इन सब के बावजूद यदि आप अपना काम पेंडिंग में डालने के बजाय समय पर करते हैं तो आप समस्याओं से बच सकते हैं। व्यय आर्थिक दृष्टि से बढ़ा हुआ रहेगा। कर्ज लेने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जो जातक शेयर मार्केट में कार्य करते हैं, उन्हें कड़ी चुनौती आएगी। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी पाचन संस्थान एवं पैरों की हड्डियों से संबंधित समस्या हो सकती है।



## तुला

कार्यक्षेत्र की दृष्टि से यह महीना आपके लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। इस महीने घर में मांगलिक कार्य, कॅरियर में नए अवसर, नवीन कार्यों पर धन व्यय होगा। जो जातक नौकरी करते हैं उनके लिए अनुकूलता रहेगी, उनके कार्य को सराहा जाएगा एवं जो जातक व्यापार करते हैं, उन्हें सफलता मिलेगी एवं प्रचुर लाभ मिलेगा। व्यापार व्यवसाय का विस्तार होगा, स्वास्थ्य की दृष्टि से एलर्जी एवं त्वचा संबंधी रोग इस महीने आपको परेशान कर सकते हैं, उनके प्रति सजग रहें।



## वृश्चिक

वृश्चिक राशि के जातकों को इस महीने मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे। भूमि भवन से जुड़े हुए मामलों में रफ्तार धीमी रहेगी। सुख की कमी रहेगी। परिवार में विरोध का भाव रहेगा। जो जातक नौकरी करते हैं, उन्हें बार-बार स्थान परिवर्तन या नौकरी परिवर्तन का विचार आवेगा। जो जातक व्यापार करते हैं उन्हें अपेक्षाकृत लाभ अर्जित नहीं होगा। पैतृक संपत्ति से संबंधित यदि कोई विवाद चल रहा हो तो इस महीने आपको सफलता मिलने की उम्मीद है। दाम्पत्य जीवन में एक दूसरे को सहानुभूति पूर्वक सुनने समझने की आवश्यकता है। वाहन सोच समझ कर चलाएं, हर किसी की गाड़ी में लिफ्ट ना लें एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



## धनु

धनु राशि के जातकों के लिए यह महीना अनुकूल रहेगा। कॅरियर के क्षेत्र में अच्छे परिणाम मिलेंगे। पराक्रम का भाव बढ़ा हुआ रहेगा। बहुत समय से जिन कार्यों को करने के लिए हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे, उन्हें करने का बल मिलेगा। जो जातक विदेश में नौकरी तलाश कर रहे हैं, उन्हें सफलता मिलने के योग बनेंगे। आत्मविश्वास का भाव बना रहेगा। जो जातक व्यापार-व्यवसाय में हैं, उन्हें महीने के अंत में व्यापार-व्यवसाय की बढ़ोतरी एवं लाभ अर्जित करने के अवसर मिलेंगे। जो जातक स्टॉक एक्सचेंज एवं शेयर मार्केट से जुड़े हुए हैं उन्हें भी अनुकूलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखद एवं सामंजस्य पूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



## मकर

मकर राशि के जातकों के लिए कॅरियर की दृष्टि से यह महीना मिले-जुले परिणाम को लेकर आऐगा। जिन जातकों का कार्य क्षेत्र विदेश से संबंधित है, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से कुटुंबियों पर धन व्यय होगा। व्यापारियों को अपने प्रतिस्पर्धियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। स्वास्थ्य की दृष्टि से व पैरों खासकर जांघो की हड्डी से संबंधित समस्या हो सकती है। अपने कार्य के साथ-साथ अपने परिवार के साथ भी समय बिताएं एवं उन्हें समझाने का प्रयास करें तो अनावश्यक परेशानियों से बच सकते हैं।



## कुम्भ

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह महीना चुनौती पूर्ण रहेगा। विशेष कर कार्य क्षेत्र में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न होंगे। स्वास्थ्य साथ नहीं देगा। छोटी-मोटी बीमारियां परेशान करती रहेंगी। आलस्य हावी रहेगा। नया कार्य करने की इच्छा नहीं होगी। अनावश्यक यात्राएं करना पड़ेगी। व्यापारी वर्ग को नो प्रॉफिट नो लॉस के सिद्धांत पर कार्य करना पड़ेगा। बेचैनी के कारण ब्लड प्रेशर एवं टेंशन जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अनिद्रा रोग संभावित है, पारिवारिक एवं दांपत्य जीवन में बहुत सहानुभूति पूर्वक व्यवहार की अपेक्षा है।



## मीन

मीन राशि के जातकों के लिए यह महीना अनेक चुनौतियों से युक्त रहेगा। कार्यक्षेत्र में जूनियर एवं सीनियर्स दोनों असंतुष्ट रहेंगे। इनके बीच में सामंजस्य बनाकर आपको चलना पड़ेगा। जो जातक व्यापार कर रहे हैं, उन्हें अप्रत्याशित नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रतिद्वंदियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। आपको चाहिए कि किसी नए कार्य में हाथ डालने के पहले 10 बार विचार करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से खांसी, घबराहट, जोड़ों के दर्द जैसी समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं उनके प्रति सजग रहें। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग मिलता रहेगा, जिसके बल पर आप अपने कार्य क्षेत्र में तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद टिके रहेंगे।




धूतपापेश्वर
आयुर्वेद श्रेष्ठता के १५० से अधिक वर्ष
१५०
स्वामला रोज़ाना,
सेहत का खज़ाना!
स्वामला®
कंपाऊंड
हर मौसम में संपूर्ण स्वास्थ्यवर्धक
६० सालों से स्थापित उत्पाद
अब नए पैक
में उपलब्ध
SWAMALA
Compound
स्वामला
सुवर्ण से समृद्ध च्यवनप्राश
• शरीर के घटकों को सशक्त करें
• रोगप्रतिकारशक्ति सक्षम करने में मदद करें
• आरोग्य बनाए रखें
• उत्साह तथा उर्जा बढाएं
• श्वसनसंस्थान को बल दें
• बार बार उत्पन्न होनेवाली आरोग्य समस्याओं को कम करने में सहायता करें
सावधान: चिकित्सक की सलाह अनुसार ले
श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड | शास्त्रोक्त, मानकीकृत, सुरक्षित आयुर्वेद औषधियाँ
For Health & Trade Enquiries Tollfree: 1800 22 9874 | For online purchase: http://consumerayurved.com
F24SWAd16x25H203



## Aditya Birla Group: Making a life changing difference

We work in 7,000 villages. Reach out to 9 million people. A glimpse:

**HEALTHCARE**

Over 100 million Polio vaccinations

5,000 Medical camps / 22 Hospitals: 1 million patients treated

Over 75 deaf and mute children moved from the world of silence to the sound of music through the cochlear implant.

Reach out to over 4,000 children. Extending financial support for the chemotherapy sessions. Encouraging them in a holistic manner to get back quickly on the road to recovery.

Engaged in prevention of cervical cancer through the administration of the HR-HPV vaccine in Maharashtra. Over 4,000 girls have been vaccinated.

More than 6,600 persons had their vision restored through the Vision Foundation of India

100,000 persons tested on 32 health parameters through HealthCubed

**EDUCATION**

Our 56 schools accord quality education to 46,500 students

Mid-day meals provided to 74,000 children

Solar lamps given to 4.5 lakh children in the hinterland

Foster the cause of the girl child through 40 Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas

**SUSTAINABLE LIVELIHOODS**

100,000 people trained in skill sets

45,000 women empowered through 4,500 SHGs

200,000 farmers on board our agro-based training projects

And much more is being done through the Aditya Birla Centre for Community Initiatives and Rural Development, spearheaded by Mrs. Rajashree Birla. Because we care.

**NUMBERS MEAN A LOT**
**BUT A SMILE MEANS EVERYTHING!**

ADITYA BIRLA GROUP
Engage. Uplift. Empower




**RNI-MPHIN/2005/14721**
**Po.-Malwa Division/244/2023-2025**
**Despatch Date - 02 December, 2023**

**If Undelivered Please Return To**
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah)
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761 , Mo. : 94250-91161
E-mail : smt4news@gmail.com

**https://www.facebook.com/smtmagazine/**
https://srimaheshwaritimes.com